● जयपुर, रविवार, 19 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 263 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 अशोक गहलोत बोले- कांग्रेस सरकार होती तो भी राम मंदिर बनता...
पेज @4 हलैना हादसे के मृतक महिलाओं की हुई शिनाख्त...
पेज @8 सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता का कोई हक़ नही : दिया कुमारी...

## दुनिया देख रही है कि कैसे एक भ्रष्टाचारी दूसरे भ्रष्टाचारी को कवर दे रहा है : पीएम मोदी

# दिल्ली को तबाह करने में जुटा है इंडी गठबंधन, तुष्टीकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकते हैं मौकापरस्त : पीएम मोदी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है, ये लोग दिल्ली को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन को मौका परस्त गठबंधन बताते हुए कहा कि ये मौकापरस्त गठबंधन तुष्टीकरण के लिए देश में हिंसा भी फैला सकता है। जब सीएए कानून आया था, तब इन्होंने दिल्ली को महीनों के लिए बंधक बना दिया था। पहले रास्ते रोके, फिर दंगे कराए, लेकिन आज पूरा देश देख रहा है कि इनके झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। दिल्ली में वर्षों से रह रहे शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिल रही है। इनके घोषणापत्र में भी मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। कांग्रेस के शहजादे लोगों की संपत्ति छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में दिल्ली में किए गए विकास कामों को गिनाते हुए कहा कि एक तरफ भारत सरकार दिल्ली का चौतरफा विकास कर रही है, दिल्ली के हर गरीब और मध्यम वर्ग के व्यक्ति के जीवन को आसान बनाने का प्रयास कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है। ये लोग लगातार राजनीति का पतन करने के लिए और करोड़ों देशवासियों का भरोसा तोडने् के लिए जिम्मेदार हैं।



उन्होंने कहा कि ये लोग दिल्ली को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। ये भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर आए थे और अब हजारों करोड़ के घोटाले में जेल के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो अब पूरी तरह से एक्सपोज हो गई है। पहले कांग्रेस वाले शराब घोटाले को लेकर तूफान मचाए रहते थे, फिर शाही परिवार के कहने पर कांग्रेस ने भ्रष्टाचारियों को गले लगा लिया, जिसकी वजह से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को भी समझ नहीं आ रहा कि करें तो क्या करें?

पीएम मोदी ने कांग्रेस और आप के गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दिल्ली और हरियाणा में दोस्ती और पंजाब में कुश्ती, यह ढोंग कब तक चलेगा? दुनिया देख रही है कि कैसे एक भ्रष्टाचारी दूसरे भ्रष्टाचारी को कवर दे रहा है। उन्होंने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक जमाना था, जब कांग्रेस पूरे देश पर राज करती थी। कांग्रेस की 4 पीढि़यों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लडने् की ताकत नहीं रही। कांग्रेस की हालत अब इतनी खराब हो गई है कि यह वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10, जनपथ ( सोनिया गांधी का घर ) का दरबार है। लेकिन फिर भी कांग्रेस का घमंड नहीं टूटा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इससे पहले कहा कि उनका कोई वारिस नहीं है, देश के 140 करोड़ लोग ही उनके वारिस है, इसलिए वो देश के लोगों के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं। उनका पल-पल देश के लिए है और भारत के लोगों के सपनों को सफल बनाने के लिए उनकी जिंदगी कुर्बान है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा, न अपने लिए मैं जिया हूं न ही अपने लिए मैं जन्मा हूं। मैं आपके लिए, आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जी-जान से खप रहा हूं। 50-60 साल पहले मैं अपना घर छोड़कर निकला था, तब मुझे भी पता नहीं था कि एक दिन लालकिले पर तिरंगा फहराऊंगा। तब मुझे पता नहीं था कि 140 करोड़ भारतीय मेरा परिवार बन जाएंगे।


उन्होंने विकसित भारत के लिए अपने संकल्पों को लोगों के सामने रखते हुए कहा कि देश में एक मजबूत सरकार की जरूरत है और इसके लिए उन्हें मजबूत साथियों की जरूरत है, इसलिए दिल्ली के लोगों को हर बूथ में कमल खिलाकर भाजपा के सभी सातों उम्मीदवारों को विजयी बनाना होगा। रैली में उपस्थित लोगों की भीड़ से उत्साहित प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि लोगों के उत्साह, उमंग और इस अपार भीड़ को देखकर यह लग रहा है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है।

# नूंह में टूरिस्ट बस में लगी आग, आठ की मौत, कई घायल

**नूंह/एजेंसी।**

हरियाणा के नूंह में बीती रात एक टूरिस्ट बस में आग लग जाने से उसमें सवार आठ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इसके अलावा कई घायल बताये जा रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस में करीब 60 लोग सवार थे। वीडियो में सड×क पर खड़ी बस पूरी तरह आग की चपेट में दिख रही है। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। बस में आग लगने के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। अब तक आठ लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल बताये जा रहे हैं।



### बस में मौजूद थे 60 से ज्यादा लोग

» मिली जानकारी के मुताबिक, बस में 60 से ज्यादा लोग मौजूद थे। घायलों का इलाज जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। खबर लिखे जाने तक बस में आग लगने का कारण पता नहीं लग पाया है। जैसे ही इस घटना की जानकारी पुलिस को मिली, वह फौरन मौके पर पहुंची और फायर बिग्रेड को भी बुलाया गया। हालांकि आग बुझाने में जवानों को काफी मुश्किल हुई। बसों की खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं। बस में मौजूद यात्री मथुरा से वापस लौट रहे थे, उसी दौरान ये हादसा हुआ। कहा ये भी जा रहा है कि बस में मौजूद लोग एक–दूसरे के परिचित थे और बस किराए पर ली गई थी। जैसे ही बस में आग लगी, वैसे ही चीख–पुकार मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब सफलता हाथ नहीं लगी तो खिड़कियां तोड़कर लोगों को बस से बाहर निकाला। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## स्वाति मालीवाल केस :

# केजरीवाल के पूर्व पीएस बिभव कुमार को पुलिस ने हिरासत में लिया



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व पीएस बिभव कुमार को आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया है। स्वाति के साथ सीएम हाउस में हुई कथित मारपीट को लेकर दिल्ली का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। मारपीट की घटना सामने आने के बाद से ही दिल्ली पुलिस एक्शन में है और सियासी बयान भी लगातार आ रहे हैं।

आपको बता दें कि स्वाति मालीवाल का केस आने के बाद उनके दो वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उनके साथ मारपीट होना दिखाई नहीं दे रहा है।

## बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

### कोर्ट रूम में चला सीएम केजरीवाल के ड्राईगरूम वाला विडियो

**नई दिल्ली/एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका शनिवार को एक अदालत ने खारिज कर दी. बिभव को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है.

बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर तीस हजारी कोर्ट में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने दलील दी कि उनके मुवक्किल दोपहर 12 बजे से पुलिस स्टेशन में मौजूद है, उनकी गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि उनके खिलाफ आईपीसी 308 समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और कोई ऐसी धारा नहीं लगी है जिसमें 7 साल से ज़्यादा की सज़ा हो.

इसका विरोध करते हुए एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि बिभव कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसके बाद यह अदालत के आदेश में दर्ज किया गया कि दोपहर 4 बजे बिभव कुमार की गिरफ्तारी हुई है. कोर्ट ने कहा, ''आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो गया है. इसलिए इस पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं बनता, याचिका निष्प्रभावी हो गई है.''

# राहुल गांधी का रामलीला मैदान में जन-शक्ति प्रदर्शन, उदित राज और कन्हैया कुमार को मिला भारी समर्थन

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की ओर से, राहुल गांधी ने आज दिल्ली के अशोक विहार स्थित रामलीला मैदान में एक भव्य महासभा का नेतृत्व किया, जिसमें उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस पार्टी के इंडिया गठबंधन उम्मीदवार डॉ. उदित राज और कन्हैया कुमार के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया गया।



महासभा का आयोजन एक ऐसे स्थान पर किया गया जो दो महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों को जोड़ता है, जहाँ उत्तर पश्चिम जिले में होने के बावजूद यह उत्तर पूर्व लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस रणनीति के तहत अभियान ने दो महत्वपूर्ण चुनावी क्षेत्रों के मतदाताओं को सफलतापूर्वक संबोधित किया।

महासभा में उपस्थित भारी भीड़ ने दिल्ली की जनता के बदलते मनोभावों को प्रतिबिंबित किया। बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने कांग्रेस की नीतियों, विशेषकर न्याय योजना में अपना विश्वास दिखाया, जो गरीब परिवारों के लिए न्यूनतम आय की गारंटी देती है।राहुल गांधी के भाषण में स्वास्थ्य सेवाओं, उचित मजदूरी और रोजगार के अवसरों की गारंटी के वादे शामिल थे।

# खड़गे बोले- दिल्ली में सिर्फ 3 सीटों पर हमारा गठबंधन, अधीर रंजन निर्णय लेने वाले नहीं,हम हैं

**मुंबई/एजेंसी।**

मुंबई में इंडिया अलायंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने कहा पहले तो ममता बनर्जी ने कहा कि वे बाहर से (द्बह्लष्टद्ध्र गठबंधन) समर्थन करेंगी... बहुत सी पार्टियां ऐसा करती हैं। हाल ही में उनका एक और बयान आया है कि अगर सरकार बनती है तो वे सत्ता में शामिल हो जाएंगी। वे(ममता बनर्जी) गठबंधन के साथ हैं, ये स्पष्ट है... अधीर रंजन चौधरी निर्णय लेने वाले नहीं हैं। निर्णय लेने वाले हम हैं, कांग्रेस पार्टी है, हाईकमान है। हम जो तय करेंगे उन्हें फॉलो करना होगा, अगर कोई फॉलो नहीं करता है तो वो बाहर जाएगा। मल्लिकार्जुन खड×गे ने कहा, अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग गठबंधन हैं। दिल्ली में सिर्फ 3 सीटों पर हमारा गठबंधन है... लेकिन हम पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं और वहां लड़ते रहेंगे। ये लोकतंत्र है, निरंकुशता नहीं है... भाजपा को हराने के लिए जो भी करना होगा हम करेंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के बयान पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, वे(जे.पी. नड्डा) कल क्रस्स् को भी फर्जी बता सकते हैं। अब मुझे लगता है कि क्रस्स् को खतरा है।



# चिंताजनक है मुद्दाविहीन लोकसभा चुनाव

मौजूदा लोकसभा चुनाव मुद्दाविहीन है। जब कोई चुनाव मुद्दों पर आधारित होता है तब पक्ष और विपक्ष के लिए बहस आसान होती है। सत्ता पक्ष के पास अपने अनेक कार्य गिनाने का अवसर चुनाव के समय होता है। सत्ता पक्ष द्वारा अपने पक्ष में रखी जा रही बातों और प्रशंसा का मंच चुनाव होता है। सत्तारूढ़ दल अपने कार्यों को बता कर यदि चुनाव में लाभ उठाता है तो यह उसका अधिकार भी है। विपक्ष के पास सत्ता दल को घेरने के लिए मुद्दे होने चाहिए। इस लोकसभा चुनाव में विपक्ष किसी भी समस्या को मुद्दा नहीं बना पाया। सच तो यह है कि कोई भी सरकार अपने कार्यों से बोलती है और विपक्ष माइक से बोलता है। पूरे पांच साल विपक्ष मुद्दा आधारित लोकहित के विचार सदन के भीतर और बाहर नहीं रख पाया। न ही आंदोलन से अपने पक्ष में वातावरण बना पाया। जनहित की बातों और समस्याओं को लेकर लोकसभा में सकारात्मक चर्चा भी ठीक नहीं रही। राष्ट्रीय बिंदुओं पर जहां विपक्ष भागता रहा, वहीं इसका लाभ सत्ता दल को लगातार मिलता देखा गया। प्रायः सत्तादल की किसी छोटी सी बात या टिप्पणी पर विपक्ष भ्रमित होता देखा गया। जनहित पर चर्चा लोकसभा और विधान मंडल के सदनों में नहीं होने से सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में निराशा होती है। सत्ता दल को इसका लाभ मिलता है। राष्ट्र का नुकसान होता है। खास बात यह भी है, कि सदन के भीतर माननीय सदस्यों को मर्यादित रहने, सदन को सुव्यवस्थित चलाने, संसदीय व्यवस्था के अनुसार आचरण करने के प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। सत्र के एक-दो दिन पूर्व सर्वदलीय बैठक और साथ में सत्ता दल द्वारा सदन के सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक का आयोजन भी किया जाता है। मगर सदन के पहले दिन ही हंगामा शुरू हो जाता है। सदन चलाने में मोटी धनराशि खर्च होती है। अपने नेता के प्रति वफादारी दिखाने का अवसर सदन में मिलता है। वह इस स्वर्णिम अवसर को खोना नहीं चाहते हैं।

चुनाव में जनमानस इस बात का मूल्यांकन करता है उसके क्षेत्र के सांसद और विधान ने सदन में नए कानून पर कितनी चर्चा की। क्या कोई ऐसे सुझाव दिए जो राष्ट्र निर्माण के लिए सुंदर हैं। क्या शिक्षा को लेकर कोई विषय रखा ? क्या सदन में पर्यावरण की चिंता की? नदियों में प्रदूषण को घटाने पर कोई उपयोगी सुझाव दिए। क्या इस पर चर्चा हुई कि किसानों की फसल का अधिकतम लाभ मिले। इस पर कितने सांसदों और विधायकों की राय आई। प्रश्न प्रति प्रश्न हुए। सरकार का प्रश्नों में क्या रुख रहा। विधान परिषद सदस्य स्नातक क्षेत्र के भी होते हैं। तो भी स्नातकों की बात क्यों नहीं होती है। सदस्यों ने सदन के भीतर यह जरूर बताया होगा कि किसान के बेटे हैं। गांव से आए हैं। भारत गांव में ही है। बेरोजगारी को लेकर सांसदों-विधायकों की राय सामने नहीं आती है। न ही लोकसभा में न विधानसभा में। आखिर यह विषय आते क्यों नहीं। विपक्ष बोलता नहीं। सत्ता दल मौन होता है, जबकि शक्तियों की बात की जाए तो विधायक, एमएलसी, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य चाहे वे सत्ता दल के हों या हो या विपक्ष के, समान शक्तियों से लैस हैं। मगर वह प्रायः नहीं बोलते। उनके अंदर प्रश्न नहीं उठते। सदन के भीतर अपने क्षेत्र की उपेक्षा करते हैं। वह प्रश्नाकुल नहीं होते हैं। वह उनके लिए भी विचलित नहीं होते जिनके वोट से पदासीन होते हैं। उपनिषदों में एक उपनिषद है-प्रश्नोपनिषद, वह उससे भी प्रेरित नहीं होते। वह किसी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक की कमी को भी देखकर सदनों में यह समस्या नहीं रखते हैं। बात चिकित्सा, शिक्षा या नई ट्रेन चलवाने की बस चलवाने, नदियों ,पहाड़ों को बचाने की नहीं है। मूलभूत प्रश्न है संसद, विधानमंडल में जब गांव-गरीब, मजदूर-बेरोजगारी, दवा, अपराध, न्याय की चर्चा में भागीदारी नहीं होगी तो उपाय क्या है?

हमारे अधिकार क्या हैं। बहुसंख्यक आबादी नहीं जानती कि उनके संवैधानिक अधिकार क्या हैं? आज भी प्रायः लोग मानते हैं कि सांसद या विधायक पुलिस-तहसील में सिफारिश करने के लिए उपयुक्त है। यह काम जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। मगर लोकसभा में जब कोई विधेयक लाया जा रहा हो तब सांसदों की क्या भूमिका होती है? देश की जनता प्रायः नहीं जानती है। संसद और विधान मंडल की कार्यवाही में जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी क्या है? इसे लेकर शिक्षित और प्रबुद्ध समाज भी गंभीर नहीं है। जब बेरोजगारी पर बात होती है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के बजट पर चर्चा होती है तो किसानों, मजदूरों और डिग्री धारकों के भविष्य पर चर्चा भी होनी चाहिए, ऐसे में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी तो चौंकाती ही है। डॉ. जगदीश्वर चतुर्वेदी ने अपनी पुस्तक हिंदी पत्रकारिता के इतिहास की भूमिका के पेज 85 अध्याय भारतेंदु युगीन पत्रकारिता का परिप्रेक्ष्य में लिखा है कि आधुनिक युग में संस्कृत और राजनीतिक नाभिनालद्वय है जो लोग संस्कृति और राजनीति में संबंध नहीं देखते। वे समाज के प्रति समग्र दृष्टिकोण पैदा भी नहीं कर सकते। इन दिनों परिवारवाद बड़ा मुद्दा है। जातिवाद उन्मूलन बड़ा मुद्दा नहीं है। भ्रष्टाचार मुद्दा नहीं है, यह विषय गंभीर है। इस पर राष्ट्रीय बहस होनी चाहिए। मतदाताओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत रहना होगा। डॉ. ओमप्रकाश गाबा की पुस्तक 'राजनीति चिंतन की रूपरेखा' के पेज 163 पर जर्मन दार्शनिक कान्ट ने नैतिकता को सर्वोपरि स्थान देते हुए कहा कि राजनीतिज्ञों को नैतिकता के सामने सदैव नतमस्तक रहना चाहिए। सच्ची राजनीति तब तक एक कदम आगे नहीं बढ़ सकती जब तक वह नैतिक आदर्शों को प्रणाम न कर लें। अपेक्षा की जा सकती है कि नई लोकसभा के साथ नई ऊर्जा तथा समाज राष्ट्र के हितों के लिए काम करेंगे।

# आदिवासी जनजीवन के नये जन्म का उजाला



ललित गर्ग

सुखी परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना,उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। इस वर्ष गणि राजेन्द्र विजयजी अपने जन्म दिन 19 मई, 2024 को गुजरात के आदिवासी क्षेत्र कवांट में देश के पहले कौशल विकास विश्वविद्यालय 'भगवान आदिनाथ आदिवासी कौशल विश्वविद्यालय' के बीज को आकार देने को तत्पर हो रहे हैं, जिससे भारत के कौशल का दुनिया में डंका बजेगा एवं आदिवासी जनजीवन विकास की एक नई गाथा लिखने को तत्पर हो सकेगा।

निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया एवं इस बार के लोकसभा चुनाव में आदिवासी लोगों को सक्रिय किये हुए है। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। मूल्य निष्ठा में जनता का विश्वास अभी तक समाप्त नहीं हुआ। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है।


गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण होकर विगत दो दशकों से शिक्षा की नई उपलब्धियां एवं कीर्तिमान उनके प्रयत्नों से स्थापित कर रहा है। वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है। हर आदमी अपने अन्दर झांके और अपना स्वयं का निरीक्षण करे। आज मानवता इसलिए खतरे में नहीं है कि अनैतिकता बढ़ रही है। अनैतिकता सदैव रही है- कभी कम और कभी ज्यादा। सबसे खतरे वाली बात यह है कि नैतिकता के प्रति आस्था नहीं रही। त्याग, साधना, सादगी, प्रबुद्धता एवं करुणा से ओतप्रोत गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी जाति की अस्मिता की सुरक्षा के लिए तथा मानवीय मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने के लिए सतत प्रयासरत हैं। मानो वे दांडी पकड़े गुजरात के उभरते हुए 'गांधी' हैं। इसी आदिवासी माटी में 19 मई, 1974 को एक आदिवासी परिवार में जन्में गणि राजेन्द्र विजयजी मात्र ग्यारह वर्ष की अवस्था में जैन मुनि बन गये। बीस से अधिक पुस्तकें लिखने वाले इस संत के भीतर एक ज्वाला है, जो कभी अश्लीलता के खिलाफ आन्दोलन करती हुए दिखती है, तो कभी जबरन धर्म परिवर्तन कराने वालों के प्रति मुखर हो जाती है। कभी जल, जमीन, जंगल के अस्तित्व के लिये मुखर हो जाती है। इस संत ने स्वस्थ एवं अहिंसक समाज निर्माण के लिये जिस तरह के प्रयत्न किये हैं, उनमें दिखावा नहीं है, प्रदर्शन नहीं है, प्रचार-प्रसार की भूख नहीं है, किसी सम्मान पाने की लालसा नहीं है, किन्हीं राजनेताओं को अपने मंचों पर बुलाकर अपने शक्ति के प्रदर्शन की अभीप्सा नहीं है। अपनी धून में यह संत आदर्श को स्थापित करने और आदिवासी समाज की शक्ल बदलने के लिये प्रयासरत है और इन प्रयासों के सुपरिणाम देखना हो तो कंवाट, बलद, रंगपुर, बोडेली आदि-आदि आदिवासी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। गणि राजेन्द्र विजयजी परिवार को सुदृढ़ बनाने के लिये ही सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित सुखी परिवार अभियान को लेकर सक्रिय है। मेरा सौभाग्य है कि वर्ष 2006 से संचालित इस फाउण्डेशन का संस्थापक महामंत्री बनने से लेकर वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। गणिजी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सबसे पहले परिवार संस्कारवान बने, माता-पिता संस्कारवान बने, तभी बच्चे संस्कारवान चरित्रवान बनकर घर की, परिवार की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकेंगे। अगर बच्चे सत्पथ से भटक जाएंगे तो उनका जीवन अंधकार के उस गहन गर्त में चला जाएगा जहां से पुनः निकलना बहुत मुश्किल हो जाएगा। बच्चों को संस्कारी बनाने की दृष्टि से गणि राजेन्द्र विजय विशेष प्रयास कर रहे हैं। भारत को आज सांस्कृतिक क्रांति का इंतजार है। यह कार्य सरकार तंत्र पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सही शिक्षा और सही संस्कारों के निर्माण के द्वारा ही परिवार, समाज और राष्ट्र को वास्तविक अर्थों में नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न बनाया जा सकता है। मेरी दृष्टि में गणि राजेन्द्र विजयजी के उपक्रम एवं प्रयास आदिवासी अंचल में एक रोशनी का अवतरण है, यह ऐसी रोशनी है जो हिंसा, आतंकवाद, नक्सलवाद, माओवाद जैसी समस्याओं का समाधान बन रही है। अक्सर हम राजनीति के माध्यम से इन समस्याओं का समाधन खोजते हैं, जबकि समाधान की अपेक्षा संकट गहराता हुआ प्रतीत होता है। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थों के कारण इन उपेक्षित एवं अभावग्रस्त लोगों का शोषण ही होते हुए देखा गया है। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में आदिवासी समाज कृतसंकल्प है रोशनी के साथ चलते हुए इस आदिवासी अंचल के जीवन को उन्नत बनाने एवं संपूर्ण मानवता को अभिप्रेरित करने के लिये।

गणि राजेन्द्र विजयजी के आध्यात्मिक आभामंडल एवं कठोर तपचर्या का ही परिणाम है आदिवासी समाज का सशक्त होना। सर्वाधिक प्रसन्नता की बात है कि अहिंसक समाज निर्माण की आधारभूमि गणि राजेन्द्र विजयजी ने अपने आध्यात्मिक तेज से तैयार की है। अनेक बार उन्होंने खूनी संघर्ष को न केवल शांत किया, बल्कि अलग-अलग विरोधी गुटों को एक मंच पर ले आये। जबकि गुट व्यापक हिंसा एवं जनहानि के लिये तरह-तरह के हथियार लिये एक दूसरे को मारने के लिये उतावले रहते थे।

हिंसा की व्यापक संभावनाओं से घिरे इस अंचल को अहिंसक बनाना एक क्रांति एवं चमत्कार ही कहा जायेगा। सचमुच आदिवासी लोगों को प्यार, करूणा, स्नेह एवं संबल की जरूरत है जो गणिजी जैसे संत एवं सुखी परिवार अभियान जैसे मानव कल्याणकारी उपक्रम से ही संभव है, सचमुच एक रोशनी का अवतरण हो रहा है, जो अन्य हिंसाग्रस्त क्षेत्रों के लिये भी अनुकरणीय है। गणि राजेन्द्र विजयजी की विशेषता तो यही है कि उन्होंने आदिवासी उत्थान को अपने जीवन का संकल्प और तड़प बना लिया है। आदिवासी जन-जीवन में भी बहुत उजाले हैं, लेकिन इन उजालों को छीनने के प्रयास हुए हैं, हो रहे हैं और होते रहेंगे। आज बाहरी खतरों से ज्यादा भीतरी खतरे हैं। हिंसा और अलगाव की कई चुनौतियां हैं, जो समाधान चाहती है। पर गलत प्रश्न पर कभी भी सही उत्तर नहीं मिला करते। जब रोटी की जरूरत हो तो रोटी ही समाधान बनती है। रोटी के बिना आप किसी सिद्धान्त को ताकत का इंजेक्शन नहीं बना सकते।



# केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की अयोध्या यात्रा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

अयोध्याधाम के भव्य श्रीराम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंदिर लोकार्पण के बाद से यह सिलसिला अनवरत जारी है। यहां प्रतिदिन लघु भारत के भी दर्शन होते हैं। भाषा अलग है। लेकिन श्रद्धा भाव समान है। भीषण गर्मी में भी किसी का उत्साह कम नहीं है। अयोध्या की सड़कें, मंदिर सभी जगह श्रीराम की जय जयकार गूंजती रहती है। एक-दूसरे की जो भाषा भी जो नहीं समझते वह भी जय श्रीराम से परस्पर अभिवादन करते हैं। श्रीराम लला के दर्शन कर लोग भावविह्वल होते हैं। दर्शनार्थियों के इस हुजूम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल हैं। उन्होंने श्रीराम लला के दर्शन किए। मत्था टेका। अयोध्या का पड़ोसी जिला बहराइच आरिफ मोहम्मद खान का चुनावी क्षेत्र रहा है। आरिफ मोहम्मद खान ने न केवल रामलला को जीभर के निहारा बल्कि उन्होंने रामलला के दरबार में उन्हें लेटकर प्रणाम किया और उनके प्रति अपनी भावना समर्पित की। उन्होंने सामाजिक सौहार्द का एक बड़ा संदेश दिया। आरिफ मोहम्मद अपने राष्ट्रवादी विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। वह उर्दू, फारसी, हिंदी संस्कृत आदि अनेक भाषाओं के जानकार हैं। बहुत अध्ययनशील हैं। अपने संबोधन में वह वेद, पुराण उपनिषदों का उद्धहरण देते हैं। भारतीय संस्कृति की महत्ता का प्रतिपादन करते हैं। कहते हैं कि यह भारत है जिसने ज्ञान और उसके प्रसार का मानवीय चिंतन दुनिया को



दिया। सूर्य सिद्धांत यूरोपीय पुनर्जागरण का आधार है। नौवीं शताब्दी में भारतीय सूर्य सिद्धांत ग्रंथ को लेकर भारतीय मनीषी अरब गए थे। बगदाद के सुल्तान ने उसका अनुवाद कराया। इसके बाद यह ग्रंथ स्पेन के राजा ने मंगवाया। उसका अनुवाद वहां हुआ। यूरोपीय पुनर्जागरण इसी भारतीय सिद्धांत पर आधारित है।

उपनिषद कहते हैं कि ज्ञान प्राप्त करो फिर उसको साझा करो। कपिल मुनि ने ज्ञान प्राप्त किया। फिर उसे अपनी मां को सुनाया। यह प्रसार की ही ललक थी। भारतीय चिंतन में सेवा सहायता पूजा की भांति है। इसमें भेदभाव नहीं है। इस भारतीय विरासत पर अमल तय हो जाए तो सभी कार्य अपने आप होते चलेंगे। भारतीय ज्ञान का सारांश गीता में है। भारत में ज्ञान की पूजा हुई। इस मार्ग से भटके तभी भारत परतंत्र हुआ। ज्ञान का प्रसार बंद कर दिया। इसलिए गुलाम हुए। जो ज्ञान को साझा नहीं करता वह सरस्वती का उपासक नहीं खलनायक होता है। महामना मालवीय ने इसी चेतना का जागरण किया। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय इसका एक निमित्त या पड़ाव मात्र है। भारतीय संस्कृति का जागरण हो रहा है। ज्ञान की तरह पवित्र करने वाला कुछ नहीं है। ब्रह्मचारी वह है जो विद्यार्थी है। जिसमें जिज्ञासा है। विज्ञान का महत्व है। विज्ञान प्रकृति पर नियन्त्रण का प्रयास करता है। ज्ञान ब्रह्म की ओर ले जाता है। एकता का आधार आत्मा है। मनुष्य ही नहीं जीव-जंतु सभी में आत्मा है। इसलिए भेदभाव नहीं होना चहिए। आरिफ मोहमद जनवरी में मणिराम दास छावनी में हुए अयोध्या उत्सव में सहभागी हुए थे। उसमें उन्होंने कहा था कि राम मंदिर के निर्माण से पूरा देश गर्व महसूस कर रहा है। उस खुशी में हिस्सा लेने के लिए आया हूं। श्रीराम का जीवन हमें सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भक्ति आंदोलन की शुरुआत दक्षिण में उत्तर भारत से काफी पहले हो गई थी। आंदोलन में श्रीराम को अवतार के रूप में देखा गया है। सबमें राम सबके राम यह वास्तविकता नजर आती है।

आरिफ मोहम्मद खान की भगवान राम पर आस्था किसी से छुपी नहीं है। वह अकसर कहते हैं कि आज भी अगर आप ग्रामीण इलाकों में चले जाएं तो लोग एक-दूसरे से राम-राम करते हैं। यहां तक कि जब झगड़ा हो जाता है तो लोग कहते हैं कि राम-राम करो, झगड़ा मत करो। ऐसा कोई नहीं है जिसके दिल में राम न हों। मुसलमान के दिल में भी राम हैं। हम ऐसे देश में रहते हैं जहां कि संस्कृति ये नहीं कहती है कि हम दूसरों पर हमला करें। भगवान राम भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि हैं। राम के व्यक्तित्व की विशेषता यह है कि वह हर युग के महानायक हैं। प्रभु राम समावेशी समाज, सामाजिक समरसता और एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। रामकथा की लोकप्रियता भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नंबर गेम ने देश की तरुणाई को भयावह माहौल दिया!



मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में विभिन्न बोर्ड के हाईस्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद देश के कई हिस्सों में किशोर छात्र छात्राओं द्वारा सुसाइड करने की ढेर सारी दुखद घटनाओं के समाचार आ रहे हैं। हमारे नौनिहालों पर पंद्रह सत्रह साल की उम्र में ही परीक्षा में कम न नम्बर आने पर जिंदगी से हार मान लेने की हताशा दिलो-दिमाग पर छाए रही है। हमारे स्कूलों में शिक्षा का कैसा माहौल चल रहा है यह किसी से छिपा नहीं है स्कूल कालिज विशुद्ध व्यापार या कार्पोरेट कंपनी की तर्ज पर चलाए जा रहे हैं सरकारी स्कूलों के इंतजामात बदतर है प्राइवेट स्कूल कालिजो की फीस एक औसत परिवार की कमर तोड़ देती है ऐसी स्थिति में भारी भरकम फीस चुका कर कोचिंग और ट्युशन में ठगा जाने वाला आम अभिभावक अपने बच्चों से परीक्षा में अव्वल आने का हसीन ख्वाब पाल लेते हैं क्योंकि वह सिर्फ महंगी फीस चुका कर अपना फर्ज पूरा करने की मानसिकता में जीते हैं जबकि बच्चों को सिर्फ उनकी अपनी वंशानुगत या गाड गिफ्टेड बौद्धिक व तर्क क्षमता के अनुरूप सीखने समझने का मौका मिलता है ऐसे में हर बच्चा डिस्टिंक्शन मार्क्स हासिल कर सके यह सम्भव ही नहीं है लेकिन तमाम परीक्षाओं और आगामी पढ़ाई की प्रवेश परीक्षाओं में नम्बर गेम हावी है और ऐसा भयावह माहौल तैयार किया जा रहा है कि यदि नम्बर गेम में पिछड़े तो जिन्दगी में भी पिछड़ जाओगे ऐसे बेहद कुटिल संवेदना रहित प्रतिस्पर्धी माहौल में बच्चों के ऊपर बन रहे दबाव मिल रहे तानों और कैरियर बिगड़ जाने के खतरे के साथ साथ बेरोजगार रह जाने के भय के बीच मां-बाप की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की हीन भावना बच्चों को जीवन से हार मान लेने की ओर धकेल रही है। यह हालात तैयार करने के लिए सरकार सिस्टम शिक्षा पद्धति अभिभावक सब सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं। सिर्फ एक परीक्षा में अपेक्षित परिणाम' न आने पर हमारी किशोर व नवयुवा जनरेशन सुसाइड की राह चुन रही है।

एक अध्ययन में बताया गया कि भारत में आत्महत्याओं की सर्वाधिक दर 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच है। वर्ष 2022 में होने वाली आत्महत्याओं में 7.6 प्रतिशत छात्र थे और उस वर्ष 13,000 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी।हाल ही में परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा के बाद आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं से कलेजा फट पड़ता है 12 अप्रैल, 2024 को मुम्बई के कांदीवाली में अजय जांगिड़ नामक एम.बी.बी.एस. के छात्र ने परीक्षा में कम अंक आने के कारण अवसाद से पीड़ित होकर अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।8 मई को झारखंड के गिरिडीह में कार्मेल स्कूल की छात्रा शाम्भवी कुमारी ने आई. सी.एस.ई. की दसवीं कक्षा की परीक्षा में कम अंक आने के परिणामस्वरूप अवसादग्रस्त हो जाने के कारण फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। 9 मई को उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में 10वीं कक्षा की परीक्षा में साक्षी नामक छात्रा को हालांकि 95.3 अंक प्राप्त करने पर विद्यालय ने सम्मानित किया था, परंतु वह स्कूल में मात्र 3 अंकों के अंतर से टॉपर बनने से वंचित रह जाने के कारण गुमसुम रहती थी और इसी कारण उसने आत्महत्या कर ली।14 मई को पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके में सी.बी.एस.ई. की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 2 विषयों में फेल होने पर अर्जुन सक्सेना नामक 16 वर्षीय छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।14 मई को ही उत्तर प्रदेश में चंदौली के चकियां कोतवाली इलाके में सी. बी. एस.ई. की 10वीं कक्षा की छात्रा हिना अपनी आशा के विपरीत मात्र 70 प्रतिशत अंक पा कर इतनी निराश हुई कि अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। 14 मई को ही सी.बी.एस.ई. की 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश के बागपत में 'लक्ष्य' नामक एक छात्र ने 4 विषयों में फेल हो जाने पर निराश होकर पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बरेली के नवाबगंज की रहने वाली छात्रा काजल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल होने पर सुसाइड कर लिया। जबकि बड़ौत की 'पट्टी चौधरान' के रहने वाले 'आयुष बालियान' नामक छात्र ने कम अंक आने पर जहरीला पदार्थ निगल कर जान दे दी।14 मई को ही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में 'ओजस्वी' नामक एक छात्र को सी.बी.एस.ई. की 12वीं की परीक्षा में कम नंबर आने का इतना दुख हुआ कि उसने सुसाइड नोट लिख कर आत्महत्या कर ली। 14 मई को ही पंजाब में नंगल सब डिवीजन के गांव संगतपुर में एक स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र ने परीक्षा में कम अंक आने पर निराश होकर फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।बठिंडा की बीए पार्ट टू की छात्रा तलवीर कौर ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। कन्नोज के सौरिख में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर छात्रा ने साड़ी का फंदा गले में कसकर आत्महत्या कर ली।

वहीं नीट और जेइइ प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मशहूर कोचिंग सिटी कोटा भी अब सुसाइड सिटी बन कर रह गया है वहां हर साल दो दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं की सुसाइड की घटनाएं चिंता जनक हैं । ऐसी घटनाओं की बहुत लम्बी श्रृंखला है सवाल उठता है कि जिस परिवार के बच्चा आत्मघाती कदम उठा लेता है उस का तो सब कुछ छिन जाता है आजकल अधिकांश परिवारों में न्यूक्लियर फैमिली सिस्टम है एक या दो बच्चे हैं जिनके लिए मां बाप दिन रात मेहनत कर फीस जुटाते है और दुर्भाग्य वश ऐसा कोई वारदात हो जाए तो उस परिवार के सामने अंधकार छा जाता है। ऐसी घटनाओं से कितना कुल दीपक बुझ गए कितने ही परिवार उजड़ गए हैं । इस वर्ष यूपी बोर्ड के रिजल्ट आते ही 26 अप्रैल को एक दर्जन छात्रों ने मौत को गले लगा लिया तेलंगाना तथा मध्य प्रदेश में अप्रैल में घोषित इंटरमीडिएट तथा 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद 11 छात्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। यही हालत बिहार राजस्थान हरियाणा उत्तराखंड केरल आंध्र प्रदेश समेत देश के कोने-कोने में देखने को मिला है।

बच्चों पर मार्क्स फोबिया इस कदर हावी है कि वह जरा सा कम नम्बर आते ही डिप्रेशन का शिकार बन रहे हैं और तुरंत जीवन से किनारा करने की ठान रहे हैं। इस के लिए अभिभावकों की महत्वाकांक्षाएं बच्चों की क्षेत्रवार सही क्षमता का आकलन किए बिना उन्हें जबरन अनिच्छा वाले फील्ड में धकेलना बच्चों को हताशा में धकेल रहा है। इस के अलावा पडोसियों या सहपाठी छात्र छात्राओं से अपने बच्चों की तुलना कर उन्हें मानसिक रूप से तनाव देना साथ ही पड़ोसियों रिश्तेदारों द्वारा जानबूझकर बच्चों की परीक्षा के बारे में बार बार पूछना अपनी प्रतिक्रिया देना भी बच्चों के मन में ईगो हर्ट कर ग्लानि या निराशा पैदा करता है। अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने के साथ-साथ काऊंसलिंग द्वारा या स्वयं प्रेरणा देकर उनके मन में इस तरह की बातों पर हताश न होने तथा आगे और अधिक पक्के इरादे के साथ मेहनत करने के लिए उनके भीतर एक जज्बा और आत्मविश्वास तैयार करने की कोशिश करना चाहिए ।

अभिभावकों को अंतिम तौर पर यह मानना चाहिए कि सृष्टि में हर जीव को ईश्वर किसी खास मकसद से जन्म देकर उन्हें उनके प्रारब्ध के अनुसार योग्यता पद प्रतिष्ठा कार्यक्षेत्र प्रदान करता है प्रयास जरूर करें लेकिन परिणाम को सहज स्वीकार करने की मानसिक बल बच्चों व खुद अपने भीतर बनाएं वरना बहुत सारे अभागे अभिभावकों की तरह हाथ मलते रह जाओगे। इस हालात से बचने के लिए फालतू की परिचितों की सलाह न लें सबकी सोच उनके अपने अनुरूप होती है बच्चे को मुसीबतों से जूझने के लिए तैयार करें कमरे में बंद पढाकू न बनाऐ उस नियमित आउटडोर गेम्स खेलने की प्रेरणा दें इस दौरान वह हम उम्र मित्रों के साथ कुछ समय स्पेंड करेगा जो उस के मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को भी यह समझाना जरूरी है कि छोटी-छोटी विफलता जीवन में आती रहेंगी भारत की क्रिकेट टीम हर बार विश्वकप नहीं जीत सकती है नही हर बार राहुल द्रविड़ शतक जमा सकता है इस लिए मेहनत करें लेकिन परिणाम ईश्वर के हाथ है हताश होने की बजाय उनका मजबूती के साथ सामना करने में ही जीवन की सार्थकता है।

एक परीक्षा में पास होना सफलता की गारंटी नहीं है पता नहीं कितने बिना डिग्री वाले लोग सफलतापूर्वक अनेक क्षेत्रों में रिकार्ड बना देते हैं। बीटेक होकर भी कोई बड़ा पाव बेचकर दौलत शोहरत पा रही है तो कोई डोली चाय बेचकर बुलंदियां छू लेता है। बड़ी बड़ी डिग्री लेकर भी कुछ बेकार है और कोई साधारण सी डिग्री प्राप्त कर कंपनी का सीइओ बन जाता है। बच्चों को भी समझना चाहिए कि माता-पिता उनके लिए अपना खून पसीना बनाते हैं अपनी जरूरतों को पूरा करने के बजाय बच्चों के कैरियर बनाने के लिए फिक्र करते हैं उन की छोटी सी आत्मघाती भूल मा बाप भाई बहन को जीवन भर रोने के लिए मजबूर कर सकती है ऐसा कायरता भरा कदम भूलकर भी न उठाए। अवसाद का क्षण बीता तो जीवन में मंगल ही मंगल हो जाता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

संक्षिप्त समाचार

## 'जयपुर पुलिस कमिश्नर ने बगरू थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

- आपराधिकों में भय और आमजन में विश्वास यही प्राथमिकता :- बीजू जॉर्ज जोसफ



**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी)।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को बगरू थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम नीरज पाठक, सहायक पुलिस आयुक्त बगरू आमीर हसन, सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर आलोक कुमार सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर एवं शिवदासपुरा थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जयपुर (पश्चिम) पुलिस थाना वैशाली नगर, करणी विहार, चित्रकूट, बगरू, भांकरोटा, सेज एवं बिन्दायका क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

## उप महापौर सोनू कुरैशी ने कोटा उत्तर आयुक्त को लिखा पत्र, आवारा पशुओं से निजात दिलाने की लगायी गुहार

- आवारा मवेशियों से परेशान है कोटा शहरवासी:- सोनू कुरैशी

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** नगर निगम कोटा पशुओ, सुअरो, स्ट्रीट डॉग व बंदरो की समस्याओं को लेकर लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद कोटा उत्तर उप महापौर फरीद्दीन,सोनू कुरैशी ने नगर निगम आयुक्त कोटा उत्तर को पत्र लिखा है और गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कोटा शहर में आवारा पशुओ, सुअरो, स्ट्रीट डॉग व बंदरो के आंतक से आमजन काफी परेशान हैं। इसकी शिकायतें लगातार उनके पास आ रही है। नगर निगम



कोटा उत्तर द्वारा पूर्व में स्ट्रीट डॉग पकड़ने के लिए संवेदक को कायार्देश दिया गया था। उक्त संवेदक द्वारा आज दिन तक कितनी मात्रा में स्ट्रीट डॉग व बंदरो के पकड़े जाने तथा कितनों का बधियाकरण के साथ कितने स्ट्रीट डॉगों को श्वानशाला में पहुंचाया गया है। इसकी जानकारी सभी के समक्ष आनीउत्तर क्षेत्र में आवारा कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी ने आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर को लिखा पत्र कांग्रेस सरकार के समय शहर को बेहद सुंदर बनाया गया लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार आते ही शहर की हालत खस्ता होती चली जा रही है। आवारा मवेशियों के कारण शहरवासी परेशान हो रहे हैं, स्ट्रीट डॉग के मामले लगातार बढते जा रहे हैं और सड़कों पर मवेशियों से दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसे में बेहद आवश्यक है कि शहर को स्वच्छ रखा जाए और आवारा मवेशियों को जल्द पकड़ा जाए ताकी आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि सेवन वंडर में हजारों लोग आते हैं और वहां विद्युत तार खुले पड़े हैं, ऐसे में वहां भी तारों को ठीक किया जाए और दुर्घटना से आमजन को बचाया जाए।

# अशोक गहलोत बोले- कांग्रेस सरकार होती तो भी राम मंदिर बनता

चमकता राजस्थान

जयपुर/अमेठी (खलील कुरैशी केंद्र में कांग्रेस सरकार बनने पर राम मंदिर के अस्तित्व पर खतरे के पीएम नरेंद्र मोदी के बयान पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पलटवार किया है।अमेठी में शनिवार को मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- कांग्रेस सरकार बनने पर राम मंदिर को कोई खतरा नहीं है, राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बना है।पूर्व सीएम ने कहा- अगर सरकार एनडीए की नहीं होती और यूपीए की होती, कांग्रेस सरकार होती तो भी राम मंदिर बनता, यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश है। पीएम मोदी और बीजेपी के नेता भ्रम फैला रहे हैं। अब उनके भ्रम में कोई आने वाला नहीं है। लोग समझ गए हैं कि मोदीजी झूठ बोलते हैं, चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। गहलोत ने



कहा- इनके धर्म से लेकर हर कोई हथकडे पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है लोग समझ गए हैं कि महंगाई, बेरोजगारी असली मुद्दे हैं। देश में प्यार मोहब्बत, भाईचारे का मुद्दा है। मुद्दे वहीं हैं जो राहुल गांधी बार-बार बोलते हैं। आप 22 उद्योगपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर सकते हो तो गरीब किसान, मजदूर ने क्या बिगाड़ा है? पूर्व सीएम ने कहा कि इस बार केंद्र इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। अब तो पीएम मोदी से लेकर बीजेपी के सभी नेताओं ने 400 पार की बात बोलना बंद कर दी है। 4 जून को चौंकाने वाले रिजल्ट आएंगे। लोगों के मन में रोष है।

### राजनीतिक गुंडागर्दी कर रही है बीजेपी और केंद्र सरकार

» गहलोत ने कहा– देश में जो हालात हैं वो देख ही रहे हैं। लोकतंत्र खतरे में है। ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई राज कर रही है। देश में चुनी हुई सरकारों को हॉर्स ट्रेडिंग करके गिराया जा रहा है। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र में सरकारें गिराई गई थीं। राजस्थान में जनता के आशीर्वाद से उस समय मेरी सरकार बच गई अन्यथा मैं भी अभी आपके बीच में नहीं बैठा होता। राजनीतिक गुंडागर्दी करके आप चुनी हुई सरकारी को गिरा रहे हो। इलेक्ट्रोल बॉन्ड अपने आप में घोटाला है। दो–दो मुख्यमंत्री जेल में डाल दिए। लोगों के मन में यह बात आ गई कि मोदी जीत गए तो आगे चुनाव होंगे या नहीं गहलोत ने कहा– ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआईका दुरुपयोग करने से जनता में नाराजगी है। जनता को लगता है महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी असली मुद्दे होने चाहिए थे। ये तमाम बातें जनता की जमकर बैठ गई है, इसलिए जनता उठ खड़ी हुई है। लोगों के मन में ये बात आ गई है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं है। लोगों के मन में यह बात भी आ गई है, मोदी जी भारी बहुत से जीत गए तो आगे चुनाव होंगे या नहीं होंगे। चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते सीज किए गहलोत ने कहा– लोकतंत्र का मजाक बना रखा है। चुनाव से पहले कांग्रेस के खाते बंद कर दिए। कोई राजनीतिक पार्टी चुनाव नहीं लड़ नहीं पाए, यह कर दिया। खाते बंद कर दिए, चुनाव कैसे लड़वा पाएंगे। हमारे उम्मीदवार साधनों की कमी से जूझ रहे हैं। जनता और कार्यकर्ता साथ दे रहे हैं तो काम चल रहा है, नहीं तो चुनाव लड़ना मुश्किल हो जाता। यह स्थिति बना दी।आज अमेरिका, जर्मनी यह कहे कि आपके देश में चुने हुए दो–दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हुए हैं, यह लोकतंत्र है क्या? कहां विश्व गुरु बनने की बातें कर रहे हैं और कहां दुनिया के मुल्कों से हमें सुनना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र का बोलना मायने रखता है।

# भजनलाल बोले-मोदी राज में विदेशों में भारत का डंका बजा

चमकता राजस्थान

**जयपुर खलील कुरैशी।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में देश ने जो तरक्की की है, उससे भारत का दुनियाभर में गौरव बढ़ा है। देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। ? दुनिया के देश आज भारत पर भरोसा कर रहे हैं। देश की यही प्रगति बरकरार रखने के लिए देशवासी मोदीजी को तीसरी बार सत्ता में लाना चाहते हैं। केंद्र में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। भजनलाल भुवनेश्वर और पुरी में प्रवासी राजस्थानियों के सम्मेलनमें बोल रहे थे।प्रवासी राजस्थानी राष्ट्रवाद के साथ, उड़ीसा में बनाएं



बीजेपी सरकार दौरे के बाद यह अनुभव हुआ कि प्रवासी राजस्थानी और मारवाड़ी कहीं भी रहे वहां अपना वजूद रखते हैं। उनमें देशभक्ति की भावना होती है। प्रवासी राजस्थानियों ने उड़ीसा में रहकर यहां के लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। प्रवासी राजस्थानी यहां के लोगों के सुख-दुख में काम आते हैं, इसलिए यहां के लोग उनका सम्मान करते हैं। प्रवासी राजस्थानी जो बात कहेंगे उसका असर भी होगा। सभी प्रवासी कार्यकर्ता विधानसभासीएम ने कहा- कई राज्यों के और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें। उड़ीसा को भी देश के ग्रोथ इंजन में अहम भूमिका निभाने के लिए बीजेपी के पक्ष लोकसभा-विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग के लिए प्रेरित करें।कार्यकर्ता समन्वय से काम करके पार्टी को बेहतर परिणाम दे सकता है सीएम ने कहा- भाजपा कार्यकर्ता जब पार्टी के लिए निष्ठावान होकर काम करता है। सका अनुभव भी बढ़ता है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत बनती है।

## एसएमएस हॉस्पिटल में आया अदभुत प्रकरण, डॉक्टरों ने बुद्धिमत्ता से किया सफल ईलाज

- महिला की आंत में फंसे 30 पत्थर,आंत काटकर निकालनी पड़ी,



**चमकता राजस्थान। जयपुर।(खलील कुरैशी)** जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (एसएमएस) में एक महिला की आंत में फंसी 30 पथरियां बाहर निकाली गईं। इसके लिए आंत का 4 फीट का हिस्सा काटकर अलग करना पड़ा। डॉक्टर ने बताया- इस तरह का केस अब तक देखने को नहीं मिला है। जब किसी इंसान के आंत से इतनी संख्या में पथरी निकली हो। एक या दो स्टोन के केस पहले मिल चुके हैं, इसीलिए इस केश को पब्लिश करने के लिए इंटरनेशनल जनरल में भेजा गया है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज की जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. जीवन कांकरिया और उनकी टीम ने ऑपरेशन किया। डॉ. कांकरिया ने बताया सवाई माधोपुर निवासी 36 वर्षीय महिला कई सालों से पेट दर्द और खून की कमी से जूझ रही थी। महिला ने राजस्थान और गुजरात के कई हॉस्पिटलों में दिखाया। इलाज करवाया, लेकिन आराम नहीं मिला, क्योंकि बीमार को सही से ट्रेस नहीं किया गया। पिछले महीने महिला ने एसएमएस हॉस्पिटल की ओपीडी में दिखाया।

- **आंत में रूकावट से बढ़ी गंभीर परेशानी**

डॉ. कांकरिया ने बताया- महिला की सोनोग्राफी और एक्स-रे करवाने पर लगा कि गॉल ब्लैडर में बड़ी संख्या में पथरी है। इसके कारण उसके पेट में दर्द रहता था, कई बार उल्टियां भी आती थी। सोनोग्राफी के बाद महिला की कोलोनोस्कोपी की गई, तो पता चला कि आंत में रुकावट है। आंत में जगह-जगह घाव होने से सूजन हो गई। उसमें ब्लॉकेज हो गया। इसके बाद लगा कि आंत में भी पथरी हो सकती है।

- **ऑपरेशन करके निकाली 4 फीट आंत का हिस्सा**

डॉक्टर ने बताया- लेप्रोस्कोपिक से ऑपरेशन किया गया और गॉल ब्लैडर बाहर निकाला गया। गॉल ब्लैडर में 2 से 3 पत्थर ही निकले। इस दौरान उनकी आंतों की जांच की तो उसमें से एक-एक करके लगभग 30 पत्थर निकले। जो 1.5 सेमी से लेकर 5 सेमी तक के थे। साथ ही आंत में 5 जगह सिकुड़न भी मिली।

# भारतीय डाक विभाग के नवाचार डिजिटल प्रिंटर मशीन से आमजन उत्साह के साथ हो रहे हैं लाभान्वित

चमकता राजस्थान

शाहपुरा (खलील कुरैशी) भारतीय डाक विभाग की तरफ से शाहपुरा उपखंड के अधीन आने वाले कोटपूतली, विराटनगर तथा पावटा उपखंडों के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में रजिस्टर्ड पोस्ट, पार्सल तथा स्पीड पोस्ट बुकिंग का कार्य डिजिटल प्रिंटर मशीन से शुरू करवा दिया गया है । अभी तक यह सुविधा केवल कस्बों व बड़े शहरों तक ही सीमित थी । इस मौके पर सहायक अधीक्षक डाकघर सुनील स्वामी ने कहा कि शाहपुरा उपखंड के अधीन आने वालें सभी ग्रामीण डाकघरों में अब ग्राहकों की डाक को देश - विदेशों में भेजनें के लिए अपने नजदीकी



ग्राम पंचायत स्थित शाखा डाकघरों में डिजिटल डिवाइस के माध्यम से बुक करवाया जा सकता है एवं इसे वितरण होने तक ऑनलाइन ट्रेकिंग भी किया जा सकता है । डिजिटल डिवाइस के माध्यम से डाक जीवन बीमा सहित बचत बैंक की समस्त योजनाएं के खाते खोलने व घर बैठे भुगतान की सुविधा भी अएढर के माध्यम से प्रदान की जा रही है ।डाक अधीदर्शक शुभम् कमल शर्मा ने बताया कि शाहपुरा, कोटपूतली, प्रागपुरा- पावटा व विराट नगर में आधार बनाने की सुविधा भी उपलब्ध हैं । इस संदर्भ में शाहपुरा डाक उपखंड के सभी 97 शाखा डाकघरों में दिनांक 24 व 25 मई को एक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न बचत योजनाओं के खाते, डाक जीवन बीमा, आधार बनाने की सुविधा, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के लाभ तथा डाक बुकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी ।

- **शाहपुरा, पावटा, विराटनगर, व कोटपुतली आदि उपखंडों की ग्राम पंचायत मुख्यालयों मिल रहा है अच्छा सकारात्मक सहयोग**
- **रजिस्टर्ड, स्पीड पोस्ट व पार्सल बुकिंग का कार्य में डिजिटल प्रिंटर मशीन से हुई आसानी**

# धौलपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 1 लाख रूपये का अन्तर्राज्जीय इनामी दस्यु एवं हार्डकोर अपराधी धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का चढ़ा पुलिस के हत्थे

## पिछले दो माह में पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के नेतृत्व में धौलपुर पुलिस की विभिन्न टीमें चला रही थी लगातार सर्च अभियान

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ।** महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज, भरतपुर राहुल प्रकाश आई.पी.एस. के निर्देशन, जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी श्रकमलकुमार जांगिड के सुपरविजन में धौलपुर पुलिस जिले में लगातार वांछित अपराधियों, इनामी बदमाशों की धर-पकड के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत जिला पुलिस को बडी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में धौलपुर पुलिस द्वारा बसईडांग इलाके में नियाती के बीहड से मुठभेड के बाद अन्तर्राज्जीय 1 लाख रूपये के शातिर दस्यु एवं हार्डकोर अपराधी धर्मेन्द्र सिंह उर्फ लुक्का पुत्र विजय सिंह जाति गुर्जर निवासी देव का पुरा मौरोली थाना कोतवाली उसके 2 साथियों रामबृज पुत्र विजय सिंह जाति गुर्जर निवासी देव का पुरा मौरोली थाना - कोतवाली पुत्र व रामू पुत्र कम्पोटरसिंह जाति गुर्जर निवासी खासखेडा थाना सरायछौला जिला मुरैना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार करने एवं 2 विधि संघर्षत बालको को निरूद्ध करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि अन्तर्राज्जीय दस्यु एवं हार्डकोर अपराधी धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का पिछले एक साल से धौलपुर जिले में टैक्ट्रर व मोटरसाईकिल



चोरी, शहर के व्यवसायियों को पैसे के लिए धमकी देने, ईंट भट्टो व खनन कारोबारियों से रंगदारी मांगने, जमीनों पर अवैध कब्जा करने की कोशिश करने, निभी के ताल एवं सडक ठेकेदारों से रंगदारी मांगने के साथ ही सैंपउ, घौलपुर, मनियां, दिहौली, राजाखेडा इलाको में हुई लूट की की वारदातों का मास्टर माइंड रहा है। दिनांक 18.05.2024 को समय 03.34 ए.एम. पर जिला पुलिस अधी धौलपुर द्वा-रा थानाधिकारी थाना बसईडांग घनश्याम सिंह को सूचना दी उर्फ लुक्का व उसके गैंग की लोकेशन इलाका थाना बसई डांग के नियाती 2/8 मैत सूचना पर वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी नरेन्द्र कुमार आरपीएस, थानाधिकारी बसइडाग घन सिंह उप निरीक्षक, थानाधिकारी सोने का गुर्जा भीम सिंह उप निरीक्षक, योगेश तिवारी सहायक उप निरीक्षक व नरेन्द्र कुमार हैड कानि० सायबर सैल के नेतृत्व में पांच अलग-अलग टीमें गठित कर रवाना की गई। पुलिस टीमें नियाती के बीहडों की ओर जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो डकैतों की पेडो की ओट में हलचल दिखाई दी जिसमें पांच व्यक्ति दिखाई दिए। इस पर गठित सभी पुलिस टीमो ने उक्त बदमाशान को घेर लिया व सीओ बाडी श्री नरेन्द्र कुमार आरपीएस द्वारा धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का व उसकी गैंग को आत्मसमर्पण के लिए ललकारा, जिस पर पांचों बदमाशान ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग शुरू कर दी इस पर पुलिस टीम द्वारा भी बदमाशान को घेरने व आत्मरक्षार्थ हवाई फायरिंग की गई पुनः डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का व उसके साथियों को आत्मसमर्पण करने हेतु कहा गया परन्तु धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का व उसके चारों साथी नहीं रूके व फायरिंग करते हुए भागने के लिए पीछे की तरफ हटने लगे जिस पर आत्मरक्षार्थ हमराही जाप्ता द्वारा भी फायरिंग की गई। धौलपुर पुलिस की टीम ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय देते हुए व तत्परता दिखाते हुए डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का को दबोच लिया एवं शेष अन्य टीमों ने बाकी 4 सदस्यों को दबोच लिया। इस दौरान बदमाशन द्वारा करीब 26 राउंड फायर किये गये एवं बचाव में पुलिस पार्टी द्वारा भी 42 राउंड किये गये। इनकेकब्जे से 5 अवैध हथियार मय 60 कारतूस बरामद, जिसमें 1 306 बोर इंग्लिश रायफल, 1 सिंगल शॉट रायफल 315, 1 306 बोर सिंगल शॉट, 2 देशी कट्टा 315 बोर बरामद किये गये है।

## संक्षिप्त खबर

### मुख्यमंत्री के गृह ग्राम पंचायत गांव अलीपुर में प्रदर्शन



**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** उप तहसील मुख्यालय लखनपुर के गांव अलीपुर मे पोखर मे से गंदे पानी निकासी हेतु नाला एवं सुरक्षा दीवार को बनवाये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया की कई बार स्थानीय, नदबई, जिला प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ केवल कोरे अश्वासन मिले। पूरी पोखर गंदगी से अटी पडी है निकलने का रास्ता भी अवरुद्ध है दुर्गंधयुक्त जीवन जीने को ग्रामीण मजबूर हैं। मच्छर जनित बीमारियों ने डेरा डाल रखा है जन सहयोग से थोडा बहुत गंदा पानी स्वयं के स्तर से निकाला गया है। पास मे ही मंदिर मे पूजा करने आने वाले भक्तगणों को भी गंदे पानी मे होकर निकलना पडता है। शीध्र समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर थानसिंह, महेंद्र सिंह, देशराज, नंदराम, तेजसिंह, विमल, बलवीर, रनवीर, लोकेंद्र, हरेन्द्र आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चिकित्सा में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. नीरज शर्मा को किया सम्मानित



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से विप्र फाउण्डेशन के नेतृत्व में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज शर्मा को साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं भगवान श्री परशुराम जी का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया` इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से ॠग्वेद हॉस्पीटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष चौधरी एवं डॉ. ॠतु चौधरी का भी स्वागत- सम्मान किया गया` कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने उनके दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की` इस अवसर पर दयाचन्द पचौरी ने बताया कि डॉ. नीरज शर्मा समाजसेवी, ईमानदार एवं समर्पित व्यक्तित्व के धनी हैं चिकित्सा के क्षेत्र में आपकी सेवाऐं सराहनीय रही हैं उन्होंने ॠग्वेद हॉस्पीटल के निदेशक डॉ. मनीष चौधरी के सेवा कार्य- व्यवहार की भी प्रशंसा की` डॉ.नीरज शर्मा ने उपस्थित शुभचिंतकों को चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में इसी तरह योगदान देते रहने का भरोसा दिलाया` इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दयाचंद पचौरी, बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, आयुर्वेद रसायनशाला के पूर्व प्रभारी एवं विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेशाध्यक्ष इंदुशेखर शर्मा, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य देवीप्रसाद शर्मा, डॉ.विनोद पचौरी, आर.के. पब्लिक स्कूल के निदेशक नेमीचंद पचौरी, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, प्रेमसिंह प्रजापत अध्यक्ष प्रजापत समाज, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, देवीचरन सेक्रेटरी, सत्यप्रकाश शर्मा अस्तावन श्याम मंडल के अध्यक्ष त्रिभुवन कानपुर,धर्मेन्द्र सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे` पूर्व प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### कोट बांध के पास 11000 की लाइन टूटने से कई पेड़ पौधे जलकर नष्ट



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी ( सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती को बाघ के पास शनिवार को बिजली की11000 की लाइन टूटने से पेड़ पौधों में अचानक भयंकर आग लग गई ' कोट बांध के पास रहने वाले तैराक रतनलाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर के समय 11000 की लाइन टूटने से आम ,खजूर एवं अन्य पेड़ पौधों में अचानक आग लग गई जिसके कारण कई पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए ' उन्होंने बताया की आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी तो पहुंची लेकिन उसमें भी पानी नहीं था ' आग बुझाने के लिए महेश पारीक व ग्रामीणों ने काफी मदद की ' मिली जानकारी के अनुसार महेश पारीक के कुएं से पानी ला ला कर आग पर काबू पाया गया।

### पिंकसिट लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का किया गया विधिवत आयोजन

**चमकता राजस्थान, जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजधानी जयपुर के प्रतापनगर स्थित पींकसिटीटी लॉ कोर्ट में लॉ के विद्यार्थियों के प्रक्टीकल अनुभव के अंतर्गत मूक कोर्ट का विधिवत आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजस्थान पुलिस सी पी शर्मा रहे। इस दौरान के एम नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य प्रकरण पर मूट कोर्ट की सकारात्मक और सार्थक कोर्ट कार्रवाई का वास्तविक अनुभव का आभास विधि के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मिला इस दौरान विधि के विद्यार्थियों ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष ,गवाह तथा न्यायधीश के रूप में अपनी भूमिका का धारा प्रवाह निर्वहन किया जो अपने आप में एक सुखद अहसास रहा! इस अवसर पर उन्होंने तथा कॉलेज डायरेक्टर डॉ कुसुम पोरवाल ने छात्र छात्राओं को बधाई दी तथा मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में अभियोजन पक्ष अधिवक्ता के रूप में छात्र मोहन लाल गुप्ता एवम बचाव पक्ष की और से अधिवक्ता के रूप में रेखा सैन को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## नानी हमको भी ले चलो...........

# हलैना हादसे के मृतक महिलाओं की हुई शिनाख्त

**चमकता राजस्थान**

**हलैना (राजवीर सिंह)।** जयपुर नेशनल हाइवे-21 स्थित कस्वा हलैना के पास 17 मई को हुए सडक हादसा के मृतक सभी महिलाओं की शिनाख्त हो गई, हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हुई, जिसमें दो सगी बहिनों सहित नानी व मामी शामिल है। ये सभी मथुरा से जयपुर रिस्तेदारी में जा रहे थे। एक मृतका ने भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में उपचार के दौरान तथा शेष चार मृतकाओं ने हादसा स्थल पर दम तोड दिया था। हादसे में कुल पांच महिलाओं की मौत हुई। एक मृतका की शिनाख्त 17 मई को ही हो गई, जिसका पोस्टमार्टम उसी दिन करा दिया गया तथा शेष चार मृतकाओं की शिनाख्त 18 मई को तडके हुई,जिनका पोस्टमार्टम 18 मई को कराया गया। थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जयपुर नेशनल हाइवे के कस्वा हलैना के पास 17 मई को दोपहर करीब एक बजे उत्तरप्रदेश रोडवेज एवं लकडी से भरे टेलर की टक्कर हो गई। जिस हादसा में पाचं महिलाओं की मौत हो गई तथा परिचालक व दो बच्चों सहित 12 यात्री घायल हो गए थे। हादसे में मृतका एक महिला की शिनाख्त 17 मई को सायं हो गई, जो उत्तर प्रदेश प्रान्त के राधेश्याम कॉलोनी मथुरा निवासी नतीसा पत्नी सलिम खान थी। जिसका पोस्टमार्टम हलैना के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जबकि शेष चार मृतक महिलाओं की शिनाख्त नही हो सकी। एक मृतका ने भरतपुर के आरबीएम अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया, जबकि शेष तीन महिलाओं की हादसे स्थल पर मौत हो गई थी। उन्होने बताया कि मथुरा निवासी महफूज अली का देर रात्रि को फोन आया कि क्या हलैना के पास सडक हादसा हुआ है, मुझे सोशल मिडिया के माध्यम से पता चला है। जो दो बच्चे उसमें दिखाई दे रहे है, वे मेरे भतीजा-भतीजी है। महफूज अली को हादसे की विस्तार से जानकारी दे दी गई, सूचना पर वे भरतपुर आए, जहां मृतका महिला व घायल बच्चों को पहचान लिया, जिसके बाद वे हलैना आए,जहां मुर्दाघर में रखे शवों की शिनाख्त की। थाना प्रभारी बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि शिनाख्त करने वाले मथुरा निवासी महफूज अली ने बताया कि एक मृतका उसकी मां है, दो युवतियां उसकी भांजी तथा भरतपुर के अस्पताल के मुर्दाघर में रखा शव उसके भाई की पत्नी है तथा आरबीएम अस्पताल में भर्ती 3 वर्षीय बालिका व एक वर्षीय बालक उसके भतीजा-भतीजी है। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि हलैना सामुदायिक अस्पताल के मुर्दाघर में रखे शव शिनाख्त के आधार पर सैयद वाली गली सरस्वती कुण्ड गोपालपुरा मथुरा निवासी 75 वर्षीय नूरजहां पत्नी मासूद अली, उत्तरप्रदेश प्रान्त के गोतमबुद्वनगर जिले के कस्वा जेवर निवासी 19 वर्षीय कुमारी रेशम व जेवा उर्फ खूशबू पुत्रियान शेख अमानउल्ला तथा आरबीएम अस्पताल के मुर्दाघर मे रखे शव की सैयद वाली गली सरस्वती कुण्ड गोपालपुरा मथुरा निवासी यास्मीन पत्नी मखबूल अली है। उन्होने बताया कि मृतका नूरजहां, रेशम व जेवा उर्फ खूशबू का हलैना के सामुदायिक अस्पताल पर डॉ.चन्दशेखरद शर्मा ने पोस्टर्माटम किया। पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिए गए। जबकि मृतका यास्मीन का पोस्टमार्टम आरबीएम अस्पताल भरतपुर में हुआ, जिसका भी पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होने बताया कि पुलिस ने उत्तरप्रदेश रोडवेज बस एवं लकडी से भरे टेलर को पकड लिया है और बस व टेलर के चालक पुलिस की पकड से बहार है, जिनकी तलाश जारी है। हादसे की शिनाख्त होने के बाद भी जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव, एसपी मृदुल कच्छावा, एएसपी जयनारायण मीणा, सीओ धर्मेन्द शर्मा, समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मृतकाओं के परिजन तथा घायलों से दूरभाष पर वार्ता की।



**- हादसे में सगी बहिनों सहित नानी व मामी की मौत**
**- पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंपे**

**शवों को देख रो पडा**

हादसे की जानकारी प्राप्त होते ही मथुरा निवासी महफूज अली एवं उसके परिजन 18 मई को सुबह करीब 5 बजे कस्वा हलैना आए। जिन्होने पुलिस के पास रखे मृतकाओं के सामान को देखा, तो सभी की आंखों से आंसू झलक आए। पुलिस ने मुर्दाघर में रखे तीन शवों को दिखाया,तो उन्हे देख महफूज अली व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सभी को पुलिस ने संभाला और ढांढस बन्धाया। महफूल अली ने बताया कि एक मृतका मेरी मां है,दो मेरी भांजी है और भरतपुर की मृतका मेरे भाई की पत्नी है।

**नानी हमको ले चलो.........**

महफूज अली ने बताया कि गौतमबुद्व नगर जिले के कस्वा जेवर निवासी 19 वर्षीय कुमारी रेशम व जेवा उर्फ खूशबू कुछ दिन पहले मथुरा ननिहाल आई थी। मेरी मां व अन्य परिजनों का मेरी जयपुर निवासी बहिन के घर जाने का कार्यक्रम बना। मुझे भी साथ जाना था,लेकिन मेरे पास आवशयक कार्य आ गया। मै रूक गया। मेरी सगी भांजियों ने मेरे मां से जयपुर साथ ले जाने की जिद्द की । दोनों बहिन बोली की नानी हमको भी जयपुर साथ ले चलो। मौसी से हम भी मिल आऐंगे। जिनकी जिद्द के सामाने हम झुक गए और मां के साथ उन्हे भेज दिया।

**हिन्दु समुदाय बना मददगार.....**

सडक हादसे में मृतकाओं की शिनाख्त के बाद उनके परिजन हलैना व भरतपुर आए,जिनकी मदद को प्रशासन,पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी सहित हिन्दु समुदाय के लोग आगे आए। सभी ने पुलिस थाना व अस्पताल पर ढांढस बन्धाया और उनका सहयोग किया। जिस सेवा भाव को देख कर मृतकाओं के परिजनों ने दुःख की घडी में भी सराहना की। महफूज अली ने बताया कि हादसे में मेरे परिवार के चार सदस्यों के प्राण चले गए,लेकिन भरतपुर प्रशासन,पुलिस व हिन्दु समुदाय के सहयोग व मदद से मेरे परिवार के दो सदस्य बच गए।

**सीएम योगी व सीएम शर्मा ने दिखाई मानवता**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 17 मई को हुए हादसे पर दुःखद जताया। उसके बाद भी दूसरे दिन 18 मई को भी भरतपुर जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव व एसपी मृदुल कच्छावा से मृतकाओं की शिनाख्त हुई की नही तथा घायलों की हालत कैसी है आदि की जानकारी दूरभाष पर ली। मृतक महिलाओं की शिनाख्त होने की सूचना तथा घायल की हालत में सुधार होने पर रिश्तेदारों ने जताया प्रशासन का आभार।

मददगारों की सराहना की- डीएम हो तो डॉ. यादव एवं एसपी कच्छावा जैसा भरतपुर गृह जिले के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हो और जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव और एसपी मृदुल कच्छावा जैसा हो, तो आमजन उनकी कार्यशैली, व्यवहार और मदद आदि को देख सराहना करते है। सभी लोगों के मुख से एक ही वाक्या सुनने को मिलता है कि जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव और एसपी मृदुल कच्छावा ने 17 मई को सडक हादसे में मानवता दिखाई,वह नेक कार्य था। जिले के कलक्टर व एसपी हो तो डॉ.यादव एवं कच्छावा जैसा हो।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर प्रथम। 18 मई। सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवशयक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देशय से सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देशय गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

**हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड और राजस्थान ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में विधायक ने किया परिंडे लगाओ अभियान**

## भीषण गर्मी में बेजूबान पक्षियों की सेवा कर उनको बचाना हम सब का कर्तव्य है : हुडला

**चमकता राजस्थान**



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** इस भीषण गर्मी के मौसम में आइए, बनें बेजुबानों की जुबान। पक्षियों में आसमान छूने का जज्बा होता है,लेकिन वे बोल नहीं सकते !! इन्सान उनकी पीड़ा को समझ सकता है इंसान अपनी प्यास मिटाने के लिए जल का प्रबंध कर लेता है, किन्तु इन पक्षियों को जल के लिए पता नहीं कितना जतन करना पड़ता है,इसी क्रम में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य ब्लॉंक महवा की टीम के साथ ''रामकुटी सेवाधाम ऊँकरूद आवास'' पर भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उसमें नियमित पानी डालने का संकल्प लिया। स्काउट गाइड की टीम के सदस्यों ने सार्वजनिक स्थानों पर बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर उसमें नियमित पानी डालने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा ही परम सेवा है। गर्मी का मौसम है पक्षियों की रक्षा करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। ना जाने गर्मी की वजह से कितने पक्षी मर जाते हैं। गर्मियों का मौसम विशेषकर पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। उन्हें बचाने के लिए हम सब थोड़ा प्रयास कर आस पास के क्षेत्रों में परिंडे लगाकर व नियमित पानी डालने से बहुत से पंछियों की जान हम बचा सकते हैं। पक्षियों को बचाने के लिए हर युवा को आगे आना चाहिए। इस दौरान हुडला ने कहा कि गावों के ज़िम्मेदार लोगों को जो आस पास के गांवों के धार्मिक व सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर उसमें नियमित पानी डालने की जिम्मेदारी के साथ संकल्प दिया जाएगा। हुडला ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों की भी भूमिका अहम है। लेकिन मनुष्य के अत्यधिक हस्तक्षेप के चलते इन सबकी संख्या कम होती जा रही है। यदि हम जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही हैं। वहीं कुछ प्रजातियां तो विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं। गर्मियों का मौसम विशेषकर पक्षियों के लिए बहुत कष्टप्रद होता है। उन्हें बचाने के लिए सभी को थोड़ा-थोड़ा प्रयास करना होगा। हर व्यक्ति कम से कम एक परिंडा या सकोरा पानी का भरकर छायादार स्थान में रख दें तो बहुत से पंछियों की जान बच सकती हैं। इस दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य मुख्यालय महवा ब्लॉक लीडर राहुल शर्मा, लोकेश योगी अमित सैनी, धारासिंह ढिगारिया, योगेशसैनी, भगवानसहाय रावत, बुद्धा सैनी, धर्मसिंह मीना आदि मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने किया केंद्रीय कारागृह का निरीक्षण

- केन्द्रीय कारागार में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन
- सीपी श्रीमाली ने किया बंदियों से संवाद, बुनियादी व्यवस्थाओं का लिया फीडबैक

**चमकता राजस्थान**




**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर-द्वितीय सी. पी. श्रीमाली ने शनिवार को केन्द्रीय कारागृह, महिला जेल एवं जिला कारागृह का निरीक्षण किया सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय, पल्लवी शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशों की अनुपालना में किये गए इस निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष सी पी श्रीमाली ने केन्द्रीय कारागृह में निरुद्ध बंदियों से संवाद किया एवं आवास व्यवस्था, साफ सफाई, खाने-पीने और रोजगार सहित अन्य संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। निरीक्षण के पश्चात केंद्रीय कारागृह में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सी पी श्रीमाली की अध्यक्षता में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को उनके मौलिक अधिकार, विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयामों से रूबरू करवाया गया। साथ ही, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित साक्षी संरक्षण योजना सहित अन्य कल्याणकारी एवं संरक्षण योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

विधिक जागरुकता शिविर में श्रीमाली ने कैदियों से नियमानुसार जमानत प्राप्त करने, वकील से परामर्श प्राप्त करने, परिजनों से पत्र व्यवहार, मित्रों एवं परिजनों से मिलने, व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा पाने का अधिकारों सहित कैदियों की शिकायत के निवारण से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। इस मौके पर उन्होंने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु कारागृह में नियुक्त पीएलवी को भी निर्देशित किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष महोदय के निरीक्षण एवं विधिक जागरुकता शिविर के दौरान केंद्रीय कारागृह के अधीक्षक राकेश मोहन शर्मा भी उपस्थित रहे।

### जिला कलक्टर ने लिया ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति का जायजा



**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** जिला कलक्टर निधि बी टी ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की समस्या के संबंध में आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलक्टर शनिवार अल सुबह पेयजल स्थिति का जायजा लेने गांव लुहारी पहुँचे। निरीक्षण के दौरान गौड़ मौहल्ले के निवासी रवि व अन्य के द्वारा अवगत कराया गया कि उनके मौहल्ले की आबादी कुछ ऊंचाई पर है तथा नीचे त्यागी मौहल्ले के कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कनेक्शन कर पानी को रोक रखा है, जिसकी वजह से पानी गौड़ मौहल्ले में नहीं आता है। ग्रामवासियों से कनिष्ठ अभियन्ता व पम्प चालक के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बत्ताया गया कि कनिष्ठ अभियन्ता विजय सिंह व पम्प चालक कभी गांव में नहीं आते है। जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को निर्देशित किया कि कनिष्ठ अभियन्ता विजय सिंह के विरूद्ध पेयजल व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर 17 सीसीए के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावे। गौड़ मौहल्ले में पेयजल व्यवस्था नियमित व सुचारू की जावे एवं अवैध कनेक्शनों को तुरन्त प्रभाव से हटाया जावे।

## एक नजर

### भीलवाड़ा के चर्चित भट्टी कांड में 7 बरी, दो को दोषी माना

● पॉक्सो कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, 10 महीने पहले हुई थी खौफनाक एवं हृदय विदारक वारदात



**चमकता राजस्थान। भीलवाड़ा।** शाहपुरा जिले में नाबालिग से गैंगरेप कर भट्टी में जलाने के मामले में 10 महीने बाद भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट नंबर 2 ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने कुल 9 आरोपियों में से 7 को बरी कर दिया है और 2 को दोषी माना है। लोक अभियोजक महावीर किसनावत ने बताया-पॉक्सो कोर्ट संख्या 2 ने सात आरोपियों को मामले में बरी कर दिया। वहीं दो लोगों को दोषी करार दिया है। सजा पर फैसले को सुरक्षित रखा गया है। पिछले साल 2 अगस्त को हुई घटना ने राजस्थान के साथ पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इस चर्चित भट्टी कांड पर शनिवार को भीलवाड़ा पॉक्सो कोर्ट नंबर 2 में विशेष सुनवाई चली। नाबालिग लड़की को गैंगरेप के बाद कोयले की भट्टी में जिंदा जलाने का मामला सामने आने पर पुलिस ने एक महीने के अंदर 473 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए थे। कोर्ट ने भी इस हत्याकांड को ए श्रेणी का अपराध माना था। इस मामले में करीब 10 माह से चल रही सुनवाई अब पूरी हो चुकी है।दस माह पूर्व की घटनाः घाटना 10 महीने पहले हुई थी, जहां किशोरी को गैंगरेप के बाद भट्टी में जला दिया गया था। मामले में मुख्य आरोपी कान्हा कालू सहित 9 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसमें आरोपियों की पत्नी, बहन, मां-पिता व अन्य लोग शामिल किए गए थे। इनमें से 7 को बरी कर दिया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**सिलीगुड़ी।** बागडोगरा के गोंसाईपुर में ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास उक्त वृद्ध का शव देखा। जिसके बाद आनन-फानन में इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी। बाद में आरपीएफ और बागडोगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि रेलवे लाइन पार करते समय वृद्ध सिलीगुड़ी-राधिकापुर ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक

**कूचबिहार।** जिले के माथाभांगा दो नंबर ब्लॉक में रामथेंगा बाजार में भीषण आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गई। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। शुक्रवार देर रात बाजार में लगी आग से आस-पास के इलाकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि देर रात बाजार से आग की लपटों को उठते देखकर आनन-फानन में इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर सबसे पहले दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। बाद में दो और इंजन मौके पर पहुंची फिर आग पर काबू पाया गया। भीषण आग में कपड़े और कॉस्मेटिक की दुकानें जलकर खाक हो गई हैं। दमकल विभाग के कर्मियों के अनुसार, आग शॉट सर्किट से लगी है। आग में तीन दुकान जल गई हैं।

### राजद के अवधबिहारी चौधरी ने लोगों से मांगा समर्थन



**सिवान।** सिवान लोक सभा क्षेत्र से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी ने अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा करने के क्रम में सीवान सदर के सरावे में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र एव संविधान को बचाने के लिये है। भाजपा सरकार के शासन में देश मे बेरोजगारी, महगाई के कारण आम लोग परेशान हैं। अब जरूरत है कि इंडिया गठबंधन की सरकार को बनाने की। इस मौके पर विकाश शील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री निवास यादव, जिला उपाध्यक्ष राम दिनेश्वर राम, माले नेता गोतम पाण्डेय व राजद नेता मंटू यादव ने कहा कि इस बार महागठंधन के उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उनकी जीत भारी मतों से होगी।

### अभिषेक बनर्जी ने बीजेपी पर लगाया गंभीर आरोप

# राष्ट्रपति भी नहीं बंद कर सकते लक्ष्मी भंडार योजना: अभिषेक

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा महिलाओं को आर्थिक मदद देने से संबंधित पश्चिम बंगाल सरकार की लक्ष्मी भंडार योजना को बंद करना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने सीधे तौर पर चुनौती देते हुए कहा कि मैं हूं इसलिए प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति भी इस योजना को बंद नहीं कर सकेंगे। अभिषेक ने कहा, "बीजेपी लक्ष्मी भंडार को बंद करना चाहती है। जब बीजेपी नेता आएं तो पूछ



लेना।"" अभिषेक ने कहा, ""मैं यहां हूं, देखते हैं लक्ष्मी भंडार कौन बंद करता है। जब तक तृणमूल सरकार है, न तो राष्ट्रपति और न ही प्रधानमंत्री लक्ष्मी भंडार को बंद कर पाएंगे।"" अभिषेक ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, ""देश में काला धन बढ़ गया है। गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। समान नागरिक संहिता लाने से संविधान बदल जाएगा। सेव सिस्टम हटा दिया जाएगा। हम नहीं कह रहे बल्कि बीजेपी खुद अपने संकल्प पत्र में यह बात कह रही है।

तृणमूल निभाएगी निर्णायक भूमिका उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अगर चार जून को सरकार बनती है तो तृणमूल निर्णायक भूमिका निभाएगी। सरकार बनने पर "इंडी गठबंधन" बीपीएल परिवारों को साल में 10 सिलेंडर मुफ्त देगा। भाजपा का घोषणापत्र केवल विभाजन और भेदभाव की राजनीति की बात करता है। सौ सुनार की, एक लोहार की मुहावरे का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक जून एक झटके में बीजेपी को खत्म कर देगी।


### ममता ने अमित शाह पर लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप



एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण के मतदान से पहले चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमित शाह पर हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता शाह पर चुनावी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप उन्होंने लगाया है। शनिवार को बांकुड़ा जिले के विष्णुपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अमित शाह यहां आए थे और उन्होंने लोगों से शेयर बाजार में निवेश करने की बात की थी। वे ऐसा नहीं कर सकते। अभी चुनाव चल रहा है। इस तरह से लोगों को शेयर बाजार में निवेश करने के लिए कहना चुनावी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। ममता ने कहा, अमित शाह यहां (बंगाल) आए थे उन्होंने कहा शेयर बाजार में ज्यादा से ज्यादा रुपये का निवेश करिए। ऐसा वे नहीं कर सकते क्योंकि अभी चुनाव चल रहा है। ऐसी टिप्पणी चुनावी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने एक तरह से आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इन नेताओं के खिलाफ चुनाव आयोग खामोश रहता है।

### राजभवन के तीन कर्मचारियों पर नई एफआईआर, जांच शुरू



संवाददाता

**कोलकाता।** क्या राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को उस दिन राजभवन में रोका गया था? यही आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में मजिस्ट्रेट को एक गुप्त बयान भी दिया। शिकायत के आधार पर हेयर स्ट्रीट ठाणे की पुलिस ने एक नई एफआईआर दर्ज की है। जांच शुरू हो गई है। पुलिस की इस नई एफआईआर में राजभवन कर्मी एसएस राजपूत समेत कुल तीन लोगों के नाम हैं। इनमें एक महिला भी शामिल है। कथित तौर पर जिस दिन महिला के साथ छेड़छाड़ हुई, उस दिन तीन लोगों ने उसे राजभवन से बाहर जाने से रोका। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने शुक्रवार शाम कोर्ट जाकर करीब पांच घंटे तक मजिस्ट्रेट को गुप्त बयान दिया। पुलिस जांच कर रही है कि क्या वास्तव में उसे उस दिन रोका गया था, और यदि हां, तो इसका कारण क्या था। राज्यपाल के खिलाफ शिकायतें मिलने के बाद क्या करना चाहिए, यह जानने के लिए लालबाजार ने संवैधानिक और कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली है। सूत्रों के मुताबिक, राजभवन के कर्मियों के खिलाफ जांच में कोई बाधा नहीं है।

### राज्य में पहुंचीं 1000 एके 103 राइफलें जंगलमहल पुलिस को सौंपी जाएंगी



संवाददाता

**कोलकाता।** राज्य पुलिस और आधुनिक होती जा रही है। अब उन्हें एक साथ 1000 एके 103 राइफलें दी जा रही हैं। हाल ही में ये अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र राज्य में आ गयी हैं। जिसे जिला पुलिस को सौंप दिया जाएगा। राज्य गृह विभाग के एक सूत्र ने बताया कि राज्य पुलिस से थ्री नॉट थ्री राइफलों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। इसके स्थान पर यह अत्याधुनिक राइफल उन्हें सौंपी जाएगी। अत्याधुनिक राइफलें पहले जिला पुलिस को या विशेष रूप से झारग्राम सहित जिला पुलिस को सौंपी जाएंगी, जो कभी माओवादी प्रभावित क्षेत्र के रूप में जाने जाते थे। 8 मई को गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने देश के सभी राज्यों के गृह विभाग के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल तरीके से बैठक की। बैठक के दौरान राज्य ने गृह मंत्रालय से राज्य के उन सभी जिलों के लिए 23 करोड़ 11 लाख रुपये की मांग की, जो कभी माओवाद प्रभावित के रूप में पहचाने जाते थे। राज्य पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उस जिले की पुलिस के पास आधुनिक राइफलें, हैंड ग्रेनेड, स्टंट ग्रेनेड और अन्य सामान होंगे और निश्चित रूप से सीसीटीवी भी लगाए जाएंगे। हालांकि, सीसीटीवी सिर्फ माओवाद प्रभावित इलाकों में ही नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे राज्य के सभी जिलों में सीसीटीवी लगाने का काम शुरू किया जाएगा, ऐसा शीर्ष अधिकारी ने कहा। उनके मुताबिक यह योजना इस बात को ध्यान में रखकर बनाई गई है कि कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा।

### कारोबारी के घर में लगी आग



संवाददाता

**कोलकाता।** सुबह सुबह खतरा! कालना नगर पालिका के वार्ड संख्या 14 के छोटा देउरी मोहल्ले में एक घर में भीषण आग लग गयी। दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर हैं। दूसरे गाड़ी केलिए सूचना दी गयी। आग बुझाई गया। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। प्रारंभिक अनुमान यह है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक जूता व्यापारी अब्दुल कादिर मिन्या के घर में सुबह करीब 6 बजे भयानक आग लग गई। घर में जूते का गोदाम होने के कारण आग तेजी से फैली। आग देखकर अब्दुलबाबू की पत्नी और बेटी तीसरी मंजिल से नीचे आ गईं। लेकिन घर का मालिक फंस गया। खबर स्थानीय पुलिस स्टेशन और फायर ब्रिगेड को दी गयी। मौके पर दो बड़ी और एक छोटी दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। स्थानीय और दमकलकर्मियों ने एक बहुमंजिला खिड़की काटकर अब्दुल कादिर को बचाया। पास के तालाब से पानी लेकर आग बुझाने केलिए काम सुरु हुआ । खबर पाकर कालना नगर पालिका के उपाध्यक्ष तपन पोडेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा, "यह आग किस कारण लगी यह समझ में नहीं आ रहा है। हालाँकि, फायर ब्रिगेड का प्रारंभिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। एक स्थानीय निवासी ने कहा, "इस घर में सुबह आग लग गई। जब हम इसे देखे तो हम इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी। घर में फंसे अब्दुल को फायर ब्रिगेड की मदद से निकाला गया। घर में जूते का गोदाम होने के कारण आग तेजी से फैल गई।

## सीवान में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ राह पूजा का आयोजन

संवाददाता

**सीवान ।** दरौंदा प्रखंड के कोडर में राह भगवान का पूजा पूरे रीति रिवाज व हर्षोल्लास के साथ किया गया। उक्त गांव निवासी जगजीवन पासवान मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। राह पूजन के प्रेम भगत ने बताया कि राह बाबा की पूजा की परंपरा काफी पुरानी है। श्रद्धालुओं की मानें तो सदियों से राह बाबा की पूजा की समृद्ध परंपरा आज भी कायम है। इस पूजा में भगत अपने आराध्य देव राह बाबा को रिझाने के लिए विशेष वाद्य यंत्र हुड़का के साथ भक्ति गीतों का अनोखे अंदाज में गायन करते हैं। गायन वादन से राह बाबा का आह्वान कर उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं के अनुसार घर में जब भी कोई शुभ कार्य होना होता है तो यज्ञ से पूर्व राह बाबा की विधिवत पूजा अर्चना की जाती है। बताया जाता है कि इस अनुष्ठान को लेकर



कुछ लोक मान्यताएं हैं। पूजा में राह बाबा के भगत भागते हैं यदि उन्हें यज्ञकर्ता द्वारा पकड़ लिया जाता है तो पूजा सफल मानी जाती है। राह बाबा की पूजा में कोड़र गांव के दर्जनों ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए । बता दें कि आस्था इतनी प्रबल है कि आग में नंगे पांव चलकर भगत ने राह बाबा के प्रति अपनी भक्ति दिखाई। भगत ने विधि पूर्वक पूजन कराया। अपने कुल देवता को खुश करने के लिए धार्मिक गीतों पर भगत सुबोध झूमते रहे। बांस पर चढ़कर उन्होंने छलांग लगाई एवं नंगे पांव आग पर चले। विभिन्न इलाकों से आये पुरुष व महिला श्रद्धालु भी भगत के साथ आग में नंगे पांव चलकर अपनी आस्था दिखाई। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूजा के दौरान मांगी गई मनोकामना पूरी होती है। इस अवसर पर बैजनाथ पासवान, अशोक, मिथलेश, विकास कुमार, मनिंदर, पंकज जी समेत सरपंच, वार्ड पार्षद, बीडीसी, मुखिया, पूर्व जिला परिषद, कई चर्चित व्यवसायई समेत कई नेता भी मौजूद थे।

### राज्य में पांचवें चरण के चुनाव में केंद्रीय बलों की 613 कंपनियां

**कोलकाता।** देशभर में लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण 20 मई को है। बंगाल में सात लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव हैं। बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलुबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। केंद्रीय बलों की कुल 613 कंपनियां तैनात की गई हैं। राज्य पुलिस की 25514 रहेंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, बनगांव से 15, बैरकपुर से 14, हावड़ा से 14, उलुबेरिया से 12, श्रीरामपुर से 11, हुगली से 12 और आरामबाग से 10 सीटों पर कुल 88 उम्मीदवार हैं। सात लोकसभा क्षेत्रों में कुल 7711 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। राज्य में निष्पक्ष तरीके से चुनाव हो सके इसके लिए चुनाव आयोग पहले ही बैठक कर चुका है।

### कोलकाता से सिलीगुड़ी जा रही बस पलटने से दो महिलाओं की मौत,कम से कम 20 लोग घायल



संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता से सिलीगुड़ी जा रही बस पलटने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। यह हादसा उत्तरी दिनाजपुर के चाकुलिया के कनकी चौकी के पास मोनरो इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर हुआ। कम से कम 20 लोग घायल हो गये। पुलिस व स्थानीय सूत्रों के अनुसार उत्तर बंगाल राज्य परिवहन निगम की यात्री बस कोलकाता से सिलीगुड़ी जा रही थी। दालखोला को पार करने और मनोरा इलाके में पहुंचने के बाद, बस अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पलट गई। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। बस पलटते ही सिंथी मोड़ निवासी रीता विश्वास (35) और नकतला निवासी इंद्राणी रॉय (40) नामक दो महिलाएं सड़क पर गिर गईं। बस की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही चाकुलिया थाने की पुलिस उपस्थित हो गयी। दो शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रायगंज मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। घटना में बस की खिड़की काटकर घायलों को निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। पुलिस जांच कर रही है कि हादसा कैसे हुआ। मृतकों और घायलों के परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

### रियल एस्टेट में कानूनी मुद्दों को सुलझाने के लिए

## रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की नियुक्ति

● तीन सदस्यीय खंडपीठ ने राज्य के रियल एस्टेट अधिनियम को धारा 245 के तहत असंवैधानिक घोषित कर दिया



संवाददाता

**कोलकाता।** एक-दो साल नहीं बल्कि करीब आठ साल बाद केंद्रीय कानून में रियल एस्टेट से जुड़े अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की हाल ही में नियुक्ति की गई है। न्यायमूर्ति रवीन्द्रनाथ सामंत महाशय, जो हाल ही में कोलकाता उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त हुए हैं, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच के फैसले पर 20 मार्च को राज्यपाल द्वारा पश्चिम बंगाल रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। इस अपीलीय न्यायाधिकरण ने महज दो महीने में कई मामलों में प्रभावी फैसले दिये हैं। मालूम हो कि केंद्र सरकार ने 2016 में रियल एस्टेट ट्रिब्यूनल (रेरा) का गठन किया था। हालाँकि इसे देश में हर जगह लागू किया गया है, लेकिन राज्य सरकार ने 2017 में इस राज्य में अपना कानून बनाया है। राज्य के रियल एस्टेट कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक मामला दायर किया गया था। 4 मई, 2021 को मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय खंडपीठ ने राज्य के रियल एस्टेट अधिनियम को धारा 245 के तहत असंवैधानिक घोषित कर दिया। वहीं, सेंट्रल रियल एस्टेट ट्रिब्यूनल ने फ्फ्अ के गठन के लिए दिशानिर्देश जारी किए। उसी साल जुलाई में राज्य सरकार ने फ्फ्अ के गठन की अधिसूचना जारी की। इस तीन सदस्यीय पीठ में पूर्व न्यायाधीश गौरसुंदर बनर्जी को 30 दिसंबर, 2022 को न्यायिक सदस्य और आईएफएस डॉ. सुब्रत मुखर्जी को पिछले साल 20 फरवरी को प्रशासनिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। 20 मार्च को राज्यपाल ने कोलकाता उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रवीन्द्रनाथ सामंत महाशय के। पश्चिम बंगाल रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण की गति धीरे-धीरे अध्यक्ष की नियुक्ति के साथ बढ़ी। न्यायमूर्ति रवीन्द्रनाथ सामंत 1987 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। 1988 में, उन्होंने निचली अदालत में न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। बाद में, वह कूच बिहार - उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना के जिला न्यायाधीश बने कोलकाता उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार निरीक्षण से रजिस्ट्रार जनरल।

## ताराबाड़ी थाना में तोड़फोड़ और पुलिस पर हमला के मामले में 19 गिरफ्तार

एजेंसी

**अररिया।** ताराबाड़ी थाना में पुलिस हाजत में जीजा और साली की खुदकुशी के बाद शुक्रवार को हुए तोड़फोड़,आगजनी और पुलिस पर हमला के मामले में सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस ने अब तक 19 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है।शेष अन्य अभियुक्तों के शिनाख्त के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से छापेमारी की जा रही है। पुलिस पर हमला करने,आगजनी और तोड़फोड़ को लेकर ताराबाड़ी थाना में धारा147



,148, 149, 341, 323, 324, 326, 307, 332, 333, 307, 354(बी), 379, 427, 436, 353, 504 ,506 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एसपी अमित रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि आक्रोशित लोगों के द्वारा ताराबाड़ थाना में पथराव के साथ अवैध आग्नेयास्त्र से दर्जनों राउंड फायरिंग की।थाना परिसर में बने फूस की झोपड़ी को आग के हवाले किया। चार सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया,जिसमे सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह समेत चार पुलिसकर्मी घायल हुए।सभी घायल पुलिस अधिकारी और जवानों का इलाज सरकारी अस्पताल में कराया गया। घटनास्थल से अवैध आग्नेयास्त्र से फायर पांच खोखा को मौके से बरामद किया गया।पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ पांच राउंड हवाई फायरिंग की गई।

एक नजर

### प्रकृति प्रेमियों के लिए एक जून से खुलेगी फूलों की घाटी



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रेक एक जून से 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। यहां पांच सौ से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगी फूल खिलते हैं। प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के बिहंगम नजारे भी देखने को मिलते है। उपवन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल एक जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रैक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना होगा। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को दो सौ रुपये तथा विदेशी नागरिकों के लिए आठ सौ रुपये ईको ट्रेक शुल्क निर्धारित किया गया है। ट्रैक को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है। फूलों की घाटी के लिए बेस कैंप घांघरिया से टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी रहेगी।

### मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला व एसओजी पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात्रि में मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक लुटेरे के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि एक को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 10 मई को बनकट रोड पर जितेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह गांव नगला मीरा थाना जलेसर जनपद एटा के साथ हुई लूट की घटना हुई थी। पुलिस इस घटना को कारित करने वाले लुटेरों की तलाश में थी। उन्होंने बताया कि थाना टूंडला पुलिस, एसओजी टीम के साथ शुक्रवार की रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थी तभी टूंडला हाइवे से चंडिका गांव के रास्ते पर पुलिस टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जिसमें अभियुक्त गोपाल कृष्ण के पैर में गोली लगने से घायल हुआ। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल रवाना किया गया तथा अभियुक्त अनीश यादव को मौके से कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### भीषण टिप्पर हादसे में टिप्पर चालक गंभीर

**हमीरपुर।** नादौन ज्वालामुखी मार्ग पर स्थानीय विश्राम गृह के निकट पेट्रोल पंप के सामने शनिवार सुबह करीब 4 बजे एक भीषण टिप्पर हादसे में टिप्पर चालक गंभीर तौर पर घायल हो गया। वह करीब अढ़ाई घंटे तक अपनी सीट पर ही फंसा रहा। जिसे बाद में लोगों के सहयोग से निकल कर नादौन अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीजीआई चंडीगढ़ ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय अनमोल कुमार पुत्र बलबीर चंद निवासी गांव कांगरी सुजानपुर क्षेत्र टिप्पर को लेकर सुबह 3 बजे के आसपास हमीरपुर से नादौन के लिए चला था परंतु जैसे ही सुबह करीब 4 बजे शहर के भगवती पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो सड़क के दूसरी ओर खड़े एक बड़े ट्रक को उसने गलत दिशा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण अनमोल बुरी तरह चालक की सीट पर ही फंस गया और उसकी एक टांग टिप्पर के अगले भाग से बाहर निकल आई जबकि दूसरी टांग अंदर ही बुरी तरह फैंस गई।

### जमीन की धोखाधड़ी में महंत गिरफ्तार

**हरिद्वार।** मंदिर की जमीन को अपना बताकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपित महंत को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित की ओर से आरोपित महंत के खिलाफ ज्वालापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस के अनुसार मदन लाल पुत्र स्व. कन्हैया लाल निवासी काली माता मंदिर बहादराबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रमेश नाथ चेला एवं पुत्र महंत शिवनाथ निवासी लाल मंदिर कॉलोनी कोतवाली ज्वालापुर ने ऊंचा पुल के पास लाल मंदिर की जमीन को अपना बताकर सौदा तय किया। इसके एवज में 32 लाख रुपये आरोपित को दिए गए, लेकिन जब पता चला कि जमीन आरोपित के स्वामित्व की नहीं है। तब उन्होंने आरोपित से अपनी दी हुई रकम वापस मांगी।

### पेड़ से टकराने के बाद कार में लगी आग

**निवाड़ी।** निवाड़ी जिले में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद कार में आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने कार सवारों को समय रहते बाहर निकाला। लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी अनुसार कार झांसी के रहने वाले अनुराग खरे की थी। कार कीया सोनेट लेटेस्ट मॉडल थी। अनुराग अपने दोस्त सागर त्रिपाठी के साथ ओरछा से लौट रहा था। इसी दौरान रात करीब 12 बजे सातार नदी के पास कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। वहां से गुजर रहे लोगों ने मदद करते हुए तुरंत कार सवार दोनों युवकों को बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया।

# भारत में जल्द स्थापित होगा रामराज्य: राजनाथ

## कुछ दिनों में कांग्रेस विलुप्त और सपा हो जायेगी समाप्त पार्टी: रक्षा मंत्री



बस्ती। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दिनों बाद कांग्रेस विलुप्त और सपा समाप्त पार्टी हो जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अब जल्द ही राम राज्य स्थापित होगा। भारत के प्रधानमंत्री मोदी एक व्यक्ति नहीं, एक संस्था हैं। उन्होंने यह बातें शनिवार को बस्ती लोकसभा क्षेत्र के हरैर्या विधानसभा में कंपोजिट विद्यालय जूनियर हाई स्कूल परिसर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था है। देश में 52 सालों तक कांग्रेस ने अपनी सरकार चलाई, उस दौरान उन्होंने गरीबी की बात तो की लेकिन गरीबी का उन्मूलन नहीं किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है,जबकि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि मैं दिल्ली से सौ रूपया भेजता हूं तो जनता तक सिर्फ 15 रुपए ही पहुंचता है। ऐसे में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने कार्यकाल में उन्होंने रुपए सौ भेजे तो रुपए सौ ही जनता को मिले।

### देश में रहने वाला हर व्यक्ति मोदी का परिवार

उन्होंने कहा कि देश में रहने वाला हर व्यक्ति चाहे वह किसी जाति धर्म का हो वह मोदी का परिवार है। देश के प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए जनधन,आधार और मोबाइल रूपी त्रिमूर्ति की स्थापना किया,जिससे लोगों को सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है।

### भारत का ही उज्जवल भविष्य, भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर उभर रहा

उन्होंने कहा कि विश्व के जितने राष्ट्राध्यक्ष हैं, वह सभी मानते हैं कि आगे भारत का ही उज्जवल भविष्य है। भारत एक आत्मनिर्भर राष्ट्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम कर रही है। देश में रहने वाले हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी के साथ सरकार है।

### पीओके में रहने वाले लोग अब चाहते हैं भारत में रहना

उन्होंने कहा कि भारत विश्व पटल पर मजबूत होकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हालात ऐसे हैं कि पीओके में रहने वाले लोग अब खुद भारत में मिलकर रहना चाहते हैं। भारत की तरफ आशा की नजर से देख रहे हैं। मजबूत भारत के लिए सभी लोगों को मतदान करना चाहिए, ताकि देश की सरकार आत्मनिर्भर बन सके।

**विश्व का 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत करता है।**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आए तो हम संविधान बदल देंगे, लेकिन कांग्रेस स्वयं आकलन नहीं करती है कि उनकी सरकार में कई बार राज्य सरकारों को बर्खास्त किया गया है। देश के प्रधानमंत्री गरीबों को शौचालय, गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधि सहित सब्सिडी देकर सभी का विकास करना चाहते हैं। विश्व में डिजिटल पेमेंट को लेकर पूरे विश्व का 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत करता है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन व रूस के युद्ध के दौरान जिस प्रकार से देश के प्रधानमंत्री ने दोनों राष्ट्रध्यक्षों से बात कर देश के पढ़ने वाले 30 हजार बच्चों को सुरक्षित अपने देश वापस ले आए,इससे पता चलता है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री कितने मजबूत और ताकतवर हैं।

**सपा की साइकिल में लग गया है जंग**

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत शहीदों और वीरों का देश है,जहां चंद्रशेखर आजाद सहित तमाम युवाओं ने देश की आजादी के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दिया। उत्तर प्रदेश में जिस प्रकार से समाजवादी पार्टी की साइकिल का चेन आम जनता ने निकाल दिया है, उसे यह लगता है कि अब साइकिल की चैन कभी चढ़ नहीं पाएगी, क्योंकि उसमें जंग लग चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुछ दिनों के बाद विलुप्त पार्टी के रूप में जानी जाएगी,जो विलुप्त हो चुकी होगी।

इस दौरान बस्ती से भाजपा के उम्मीदवार, हरीश द्विवेदी, पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह, सुशील सिंह, यशवंत सिंह, विधायक अजय सिंह, दयाराम चौधरी, रवि सोनकर सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

### जनता से फीडबैक लेकर धामी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा

# यात्राओं के कुशल प्रबंधन के लिए प्राधिकरण पर किया जाए विचार

देहरादून। एजेंसी



मुख्यमंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध की समीक्षा करते हुए चारधाम ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आने वाले वर्ष में भी चारधाम यात्रा और अधिक बढ़ने वाली है। चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा, पूर्णागिरी यात्रा सहित प्रदेश के अंदर होने वाली विभिन्न यात्राओं के कुशल प्रबंधन और संचालन के लिए आवश्यकता अनुसार यात्रा प्राधिकरण पर भी विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में प्रवेश कर रहे प्रत्येक श्रद्धालु को चारधाम के दर्शन करवाना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमने श्रद्धालुओं का सहभागी बनकर यात्रा करवानी है। उन्होंने यात्रा को लेकर अधिकारियों को हमेशा अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने होल्डिंग पॉइंट्स पर सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालयो की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अत्यधिक भीड़ बढ़ने पर गाड़ियों की निकासी के लिए वैकल्पिक मार्गो पर विचार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर नियमित रूप से सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी छुट्टियों एवं वीकेंड के दृष्टिगत भी सभी तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली एवं उत्तराकाशी के जिलाधिकारी एवं प्रशासन से आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी ग्राउंड में जाकर श्रद्धालुओं से फीडबैक भी लें ताकि समय रहते छोटी कमियों को भी दूर किया जाए। मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने बताया कि बीते शुक्रवार को बद्रीनाथ धाम में करीब 13000 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उनके द्वारा हेमकुंड साहिब यात्रा का भी पैदल मार्गों से निरीक्षण किया गया है।

### पाकिस्तान ने उद्यमियों के समर्थन के लिए भारत सरकार को सराहा

**लाहौर।** पाकिस्तान ने भारत की सराहना करते हुए कहा है कि उसकी प्रगति का एक मुख्य कारण यह है कि वह अपने व्यापारियों का समर्थन करता है, जबकि पाकिस्तान में यदि कोई व्यापारी प्रगति करता है तो उसे चोर करार दिया जाता है। यह बात के पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत उद्यमियों का समर्थन करते हुए की। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबारियों को सम्मान दिया जाता है। मोहसिन नकवी दुबई लीक्स के बारे में पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही। जिसमें बड़ी संख्या में लीक हुए संपत्ति का डाटा सामने आया है। इसमें 2022 तक 17,000 पाकिस्तानी नागरिकों से संबंधित 23,000 से अधिक संपत्तियों की सूची शामिल हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना द्वारा एकत्र आंकड़ों के अनुसार, दुबई लीक्स में नकवी की पत्नी को दुबई में एक मूल्यवान संपत्ति के मालिक के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## मालदीव भी फंसा चीन के कर्ज जाल में

- चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया
- वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है

माले। एजेंसी

चीन ने श्रीलंका के बाद मालदीव को भी अपने कर्ज के जाल में फंसा लिया है, जिससे मालदीव सरकार की मुश्किलें बढ़ गई है। ताजा घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से मालदीव को ऋण संकट के उच्च जोखिम की चेतावनी देने के बाद चीनी ऋण चुकाने के लिए मालदीव रास्ता तलाश रहा है। उसने इसे लेकर चीन से ऋण पुनर्गठन कर राहत देने की अपील की है।

चीन ने कहा है कि मालदीव सरकार द्वारा वर्तमान में चीन से लिए गए कर्ज पर ऋण पुनर्भुगतान में कुछ आसानी प्रदान करने पर देशों के बीच चर्चा हो रही है। हालांकि, मालदीव में चीन की राजदूत वांग लिक्सिन ने कहा कि ऋण पुनर्गठन कोई समाधान नहीं है, क्योंकि ऐसा करने से मालदीव को बीजिंग से आगे वित्तीय सहायता मांगने में बाधा उत्पन्न होगी। राजदूत वांग ने कहा कि चीन और मालदीव की तकनीकी टीम इस मुद्दे की जिम्मेदारी संभाल रही है। वांग ने उन दावों को भी खारिज कर दिया कि चीन मालदीव को ऋण जाल में डाल रहा है और इस बात पर जोर दिया कि चीन ने हमेशा मालदीव का सम्मान किया है। साथ ही देश में चल रही परियोजनाएं चीन के लिए लाभ या लाभ के किसी भी उद्देश्य से संचालित नहीं की जा रही हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का चीन की सेवा आयात की मांग के साथ गहरा संबंध है, जो दर्शाता है कि चीनी बाजार मालदीव के विकास का प्रमुख वाहक बना रहेगा, जो मालदीव के विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

## नेपाल की संसद में गतिरोध खत्म करने में जुटे प्रधानमंत्री प्रचंड

काठमांडू। एजेंसी



नेपाल की संसद के बजट सत्र में पिछले छह दिनों से जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' विपक्षी दल के नेताओं के लगातार संपर्क में हैं। प्रचंड ने शनिवार सुबह प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री के प्रेस सलाहकार गोविन्द आचार्य ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के नेताओं से संसद की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने को लेकर कई बिंदुओं पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की मांग पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए सहकारी घोटाले की जांच के लिए संसदीय जांच समिति गठित करने की मांग पर सहमति जताई है। हालांकि बातचीत के बाद प्रधानमंत्री आवास से बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत में नेपाली कांग्रेस के उपसभापति पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा की तरह हमारी मांग पर सकारात्मक तो दिखे लेकिन अपने ही सत्तापक्ष को समझाने में वो नाकाम रहते हैं। खड्का ने बताया कि हमारी मांग स्पष्ट है या तो गृहमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें या फिर उनके द्वारा जितने भी सहकारी संस्थाओं से अवैधानिक तरीके से पैसों की निकासी की गई है।

# इंडी गठबंधन परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला : नड्डा

धर्मशाला। एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को अपने हिमाचल दौरे के दौरान कांगड़ा में इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है। इन लोगों का मकसद सिर्फ परिवारवाद और भ्रष्टाचार को ही देश में मजबूत करना है। आम लोगों से इनका कोई लेना देना नही है। इन लोगों ने हमेशा परिवारवाद और भ्रष्टाचार की ही राजनीति इस देश में की है।

इस गठबंधन में जितने भी दल शामिल हैं वह सिर्फ अपने परिवार से ही मुख्यमंत्री बनाने वालों में हैं। इन दलों के अधिकांश नेता जेल और बेल पर हैं। जेपी नड्डा ने शनिवार को हिमाचल दौरे के दौरान कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डा. राजीव भारद्वाज के पक्ष में फतेहपुर के रैहन में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि वहीं दूसरी ओर मोदी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में सिर्फ विकासवाद की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि मोदी के कार्यकाल में भारतीय राजनीति का चाल चरित्र, परिभाषा और संस्कृति सब बदल गया है। एक समय था जब लोगों की सोच होती थी कि भारत में जो जैसा चल रहा है वैसा ही रहेगा। लेकिन अब भारत बदल रहा है और लोगों की मानसिकता भी बदल रही है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश की जनता मन बना चुकी है। मोदी के राज में बद ल रहे भारत की स्थिति विश्व भर में बेहतर हो रही है।

### नैंसी पेलोसी के पति पर हमले के दोषी को 30 साल की सजा

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई, जिसे जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया था। अभियोजकों ने डेविड को 40 साल की सजा की मांग की थी। अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दौरान डेविड शांत खड़ा दिखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने न्यायाधीश से डेविड को 14 साल की सजा देने की अपील की थी क्योंकि उसका पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने डेविड को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि उसने एक संघीय अधिकारी के घर में घुसकर हमला किया, जो देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व कृत्य था।

# पेयजल समस्या का समाधान निकालें अधिकारी : ऋतु खंडूड़ी

देहरादून। एजेंसी

- पेयजल योजना से 22 हजार परिवारों को नये कनेक्शन की सुविधा मिलेगी, जल संकट की समस्या से काफी हद तक निजात भी मिल जायेगी



विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने शनिवार को अपने शासकीय आवास पर उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेन्ट ऐजेन्सी वाह्य साहायतीत परियोजना (एडीबी) के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि कोटद्वार नगर निगम के वार्ड- 4 से वार्ड- 26 तक पुराना नगर क्षेत्र कोटद्वार में सम्पूर्ण जल वितरण प्रणाली में 04 ओवरहेड टैंक के निर्माण व 300 किमी लम्बी नयी पाइप लाइन का निर्माण डीएमएस प्रणाली से बनायी जायेंगी। नयी तकनीकी इस्काडा प्रणाली के प्रयोग से एचओटी ट्यूबवेल के साथ पाइप लाइनों की देखरेख होगी। इससे लीकेज का पता समय पर चल जायेगा। वीपीआरएल कम्पनी इस परियोजना की मेन्टनेस संचालन संरक्षण 18 वर्ष तक करेगी। इस विषय में जानकारी देते हुए विस अध्यक्ष ने बताया कि इस पेयजल योजना से 22 हजार परिवारों को नये कनेक्शन की सुविधा मिलेगी। साथ ही कोटद्वार शहर को जल संकट की समस्या से काफी हद तक निजात भी मिल जायेगी।

शहरी क्षेत्र के लिए यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने उत्तराखण्ड ने अधिकारियों को निर्देश दिये की कार्य समय सीमा पर पूर्ण हो। कार्य करते समय क्षेत्र में आम जनता को जल समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए कार्यदायी संस्था और जल संस्थान का आपसी सामंजस्य बना रहे। बैठक में विनय मिश्रा एडिशनल प्रोग्राम डारेक्टर, जतीन सैनी परियोजना प्रबन्धक, लोकेश कुमार सहायक अभियंता, राजीव कुमार कन्सलटेंट व श्रद्धा एक्सपर्ट आदि उपस्थित थे।

### कर्ज से परेशान युवक ने की आत्महत्या

**उज्जैन।** कर्ज से परेशान युवक ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का शनिवार को पीएम करवाया है। दुलेसिंह पिता पर्वत सिंह 40 वर्ष निवासी जवासिया थाना राघवी खेती करता था। शुक्रवार दोपहर उसने खेत पर शराब पीने के बाद सल्फास की गोलियां खा लीं और जीजा गोकुल को फोन कर तबियत बिगड़े की सूचना दी। गोकुल ने बताया कि दुलेसिंह को उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। दुलेसिंह के तीन बच्चे हैं। गोकुल सिंह ने बताया कि दुलेसिंह शराब पीने का आदी था। पिछले 6 माह से दिमागी संतुलन भी ठीक नहीं था। उस पर 2-3 लाख रुपये का कर्जा भी हो गया था।

# हर्षल फाउंडेशन की ओर से दून हस्तशिल्प बाजार 24 और 25 मई को: डॉ. रमा गोयल

देहरादून। एजेंसी



हर्षल फाउंडेशन की ट्रस्टी सेक्रेटरी डॉ. रमा गोयल ने हर्षल फाउंडेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय दून हस्तशिल्प बाजार के बारे में बताया कि 24 और 25 मई को उत्तराखण्ड की महिला उद्यमियों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से दो दिन की प्रदर्शनी का आयोजन जीएमएस रोड स्थित एफोटेल होटल में किया जा रहा है। शनिवार को दून प्रेस क्लब में मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. गोयल ने बताया कि इस बाजार का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ना और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस बाजार में 40 से अधिक महिला उद्यमी भाग ले रहीं हैं। उनके उत्पादों की रेंज काफी आकर्षक है।

जिसमें डिजाइनर साड़ी एवं सूट, होम प्रोडक्ट, मसाले, अचार, हाथ से बने डेकोरेशन पीस, ज्वेलरी, पौधे और अन्य कई आकर्षक चीजे शामिल हैं। इस बाजार के अंतर्गत कई रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें महिलाओं का फैशन शो, बच्चों की फैशन परेड, ड्राइंग कॉम्पिटिशन और उत्तराखंड के लोक नृत्य आदि शामिल रहेंगे। हर्षल फाउंडेशन का इस दिशा में यह तीसरा प्रयास है। पहले दो प्रयासों के परिणाम और अनुभव काफी सुखद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस जियो का धमाका: प्रीपेड यूजर्स के लिए नया 3333 प्लान, एक साल की वैधता और फ्री फैनकोड सब्सक्रिप्शन

- फैनकोड फॉर्मूला 1 सहित भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल टूर्नामेंटों की लाइव स्ट्रीमिंग करता है।

**चमकता राजस्थान/मुंबई।** रिलायंस जियो ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया 3333 रुपये का वार्षिक प्लान लॉन्च किया है, जिसमें एक साल की वैधता के साथ कई शानदार सुविधाएं शामिल हैं। इस प्लान के तहत यूजर्स को प्रतिदिन 2.5 जीबी हाई-स्पीड डेटा, किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग और प्रतिदिन 100 एसएमएस मिलेंगे। ग्राहकों को एक साल के लिए फैनकोड का फ्री सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। यह प्लान चुनिंदा जियो एयर फाइबर, जियो फाइबर और जियो मोबिलिटी प्रीपेड ग्राहकों के लिए पेश किया है। इसके साथ ही, जियो मोबिलिटी प्रीपेड यूजर्स को 398, 1198, 4498 प्लान्स और नए 3333 वार्षिक प्लान पर फैनकोड ऐप का फ्री सब्सक्रिप्शन मिलेगा। फैनकोड एक प्रीमियम ओटीटी ऐप है, जो फॉर्मूला 1 एडवेंचर गेम्स के लिए लोकप्रिय है और 2024 व 2025 में भारत में एफ 1 प्रसारण के अधिकार रखता है। जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर ग्राहकों को भी 1199 रुपये या उससे अधिक के प्लान्स पर फैनकोड का फ्री सब्सक्रिप्शन मिलेगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं को जियो टीवी, जियो सिनेमा और जियो क्लाउड जैसे ऐप्स की भी सुविधा मिलेगी।

### भीषण गर्मी को देखते हुए चौफुल्या पर जल संघर्ष समिति की तरफ से बैठक का आयोजन



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी ('सुमेर सिंह राव)।** जल संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर को 17 मई को ज्ञापन देने के बाद दूसरे दिन विभिन्न गांवों की ग्राम ईकाई संघर्ष समितियो की आपातकालीन मीटिंग चौफुल्या चंवरा में आयोजित हुई जिसमें उदयपुरवाटी में गम्भीर किल्लत वाले गांवों/क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल टैंकर सप्लाई पर गहन चर्चा हुई,तो पता चला कि चंवरा, पौंख,ककराना, दीपपुरा, जगदीशपुरा,जोधपुरा,पंचलगी,झंडाया,काटलीपुरा,नाहरवडी,गिरावडी कोट, नांगल ,इंद्रपुरा आदि दर्जनों गांवों में अभी तक भी कोई पेयजल टैंकर सप्लाई शुरू नहीं हुई जबकि विभाग 9 मई से ही टैंकर सप्लाई का दावा कर रहा है, साथ ही पीएचइडी विभाग के अभियंता अनुप गुप्ता से हुई बातचीत अनुसार उदयपुरवाटी के इस बैल्ट में स्वीकृत 200 टैंकरो में से 16 मई को 186 टैंकर , पेयजल सप्लाई के दर्ज़ हुए हैं । फिर आखिर मांजरा क्या है।

इस मामले में पौंख चेयरमैन कोमल शेरावत व चंवरा सरपंच धर्मपाल से हुई बातचीत के बाद, उन्होंने लिखित में कहा है कि हमारे यहां टैंकर सप्लाई की अभी तक कोई सप्लाई सुनिश्चित नहीं हुई है ।यह बहुत ही गम्भीर विषय है। जमीन आसमान में आग लगी हुई है,लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, विभाग फाइलों में काम की इतिश्री करने में लगा है, बड़ा ही गम्भीर विषय है। उपस्थित लोगों ने पेयजल टैंकर सप्लाई घालामेल करने का भीआरोप लगाया है ।मीटिंग के बाद के के सैनी व नथू राम सैनी ने संयुक्त व्यक्तव्य जारी कर कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पीएचइडी विभाग गम्भीर किल्लत वाले गांवों में प्रायरिटी से पेयजल टैंकर से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें अन्यथा पहाड़ी बैल्ट के तमाम गांवों की संघर्ष समितिया मजबूरन उपखंड मुख्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।साथ ही गांव वायिज टैंकरो की संख्या जनसंख्या अनुपात में बढ़ाने की मांग की व टैंकरो की सप्लाई में पूर्णतया पार्दर्शी बनाने की भी जबरदस्त मांग की है ।इस दौरान माली राम, सरदारा राम,खूबा राम सांवर मल खटाना, बांगा राम ,छोटू गुर्जर,बंशी लाल,दुला राम,इंद्र सिंह पौंख,जितु राम,मौहर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### लीकेज के कारण बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**चमकता राजस्थान 18 मई, (खलील कुरैशी) जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता जयपुर प्रथम, अमिताभ शर्मा ने बताया कि बीसलपुर दूदू पेयजल परियोजना फेज प्रथम की 900 ` ्रींईश१ की टर पाइपलाइन मे मालपुरा से दूदू के बीच मे मालपुरा के पास लीकेज हो जाने के कारण पचेवर ऑफ टेक के 42 गावों , दूदू पंप हाउस के 108 गावों, नारायणा ऑफ टेक के 80 गावों तथा संभार पंप हाउस के 182 गांवों मे पेयजल आपूर्ति रविवार दिनांक 19.5.2024 को बाधित रहेगी ।उन्होंने बताया कि उक्त लीकेज की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है ।

# सनातन का अपमान करने वालों को सत्ता का कोई हक़ नही : दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को हरियाणा के भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह के समर्थन में प्रचार किया। भोजावास में आयोजित एक जनसभा में उन्होने भाजपा को प्रचंड बहुमत देकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

उन्होने कहा कि कांग्रेस ने राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा कर सनातन का अपमान करने का काम किया है। ऐसे में उन्हे भारत में सत्ता पाने का कोई हक़ नही। कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के अलावा कोई काम नही हुआ।



दिया कुमारी ने कहा जनता से अपील करते हुए कहा कि गर्मी के बावजूद आमजन को देश हित में बाहर निकल कर वोट डालने का कर्तव्य पूरा करना है और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इलाक़े के विकास में कोई कसर बाक़ी नही रहेगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने धर्मवीर सिंह को मैं जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि वे धर्मवीर सिंह के साथ सांसद थी और उन्होने हमेशा सदन में क्षेत्र की जनता की आवाज बनकर समस्याओं का निराकरण करवाया। पिछले दस सालों में एक सांसद के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।

सभा में पूर्व डिप्टी स्पीकर श्रीमती संतोष यादव, महेंद्रगढ़ जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, अटेली विधायक सीताराम यादव, प्रभारी अटेली सुधीर दीवान, जिला प्रमुख राकेश,पूर्व प्रदेश मंत्री जसवंत यादव, चेयरमैन अटेली राजेंद्र ,मोहित चौधरी, सतवीर यादव उपस्थित थे।

उन्होने कहा कि हरियाणा में भाजपा की डबल इंजन सरकार भी राजस्थान के समान इन्फ्रास्ट्रक्चर और जन सुविधाओं के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि रेवाड़ी में एम्स स्वीकृत होने से, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। दिया कुमारी ने कहा कि सांसद के रूप में धर्मवीर सिंह केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुँचाने का काम किया है।

## 'जयपुर पुलिस आयुक्त ने बगरू थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत'

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने शनिवार को बगरू थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम नीरज पाठक, सहायक पुलिस आयुक्त बगरू आमीर हसन, सहायक पुलिस आयुक्त वैशालीनगर आलोक कुमार सहित संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की इस सकारात्मक पहल से आमजन में विश्वास और अपराधियों में डर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए सभी थानों में भी प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है।



आयुक्त ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, जमीन के डबल पट्टे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट, धमकी सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले पुलिस आयुक्त ने शिप्रापथ, कानोता, करधनी, विद्याधरनगर एवं शिवदासपुरा थाने में जनसुनवाई कर सैकड़ों परिवादियों को राहत दी थी। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान जयपुर (पश्चिम) पुलिस थाना वैशाली नगर, करणीविहार, चित्रकूट, बगरू, भांकरोटा, सेज एवं बिन्दायका क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस आयुक्त को बताकर समाधान पाया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल की असम के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उड़ीसा प्रवास के दौरान असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हेमंत बिस्वा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों ने राज्यों के विकास कार्य एवं कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विचार विमर्श किया।



## भीलवाड़ा एनसीसी यूनिट 5 राज स्वतंत्र कंपनी के कैडेट ने फायरिंग में मारी बाजी

### उदयपुर ग्रुप के कुल 20 में से 09 भीलवाड़ा के चयनित



चमकता राजस्थान

**भीलवाड़ा।** स्थानीय पांच राज स्वतंत्र कंपनी एनसीसी भीलवाड़ा में आयोजित उदयपुर ग्रुप के लिए चयन प्रक्रिया में फायरिंग के लिए भीलवाड़ा पंच राज स्वतंत्र कंपनी एनसीसी कैडेट ने अपना बोलबाला दिखाया। भीलवाड़ा यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टीनेंट करनल तजिंदर शर्मा ने बताया कि जयपुर में 27 मई से आयोजित होने वाली राजस्थान एनसीसी के चयन में विभिन्न एनसीसी ग्रुप उदयपुर ,जयपुर ,जोधपुर ,कोटा में उदयपुर के ग्रुप के लिए कुल 20 एनसीसी कैडेट का विभिन्न फायरिंग के पहलुओं पर परीक्षण के बाद कल 20 एनसीसी कैडेट का चयन किया गया जिसमें से एनसीसी कैडेट एमएलवी गवर्नमेंट कॉलेज की अंशु कंवर चुंडावत ,किस्मत पांडिया,नेहा लखारा,तथा संगम विश्वविद्यालय की निकिता किसनावत ,मनस्वी कीशनावत ,नंदिनी चौहान ,कीर्ति राठौर, यज्ञ पाल सिंह ,दुर्गा रेगर का चयन हुआ है। उदयपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर कर्नल भास्कर चक्रवर्ती ने चयनित हुए सभी कैडेट को बधाई दी। एमएलवी गवर्नमेंट कॉलेज के एएनओ लेफ्टीनेंट संजय गोदारा तथा संगम विश्वविद्यालय के एनी लेफ्टिनेंट राजकुमार जैन ने आगे के चयन के लिए भी अग्रिम बधाई दी।

## नेट थियेट पर नाटक काकोरी- द ट्रेन एक्शन

# क्रांतिकारियों की एकजुटता ने अंग्रेजी तख्त को पलट दिया

चमकता राजस्थान

जयपुर। नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज प्रोग्रेसिव फोरम संस्था द्वारा रंगकर्मी सुधांशु शुक्ला द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक काकोरी -द ट्रेन एक्शन का सशक्त एवं प्रभावी मंचन किया गया।

नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि यह नाटक पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक गगन दमामा बाज्यों से प्रेरित है ।



**● कथासार**

नाटक हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन और 9 अगस्त 1925 में हुई ट्रेन की डकैती को दर्शाता है, जो काकोरी स्टेशन पर हुई और इस डकैती में अंग्रेजों की बुनियाद हिला दी । क्रांतिकारियों का एक साथ एक जुट होकर अंग्रेजी के खिलाफ लड़ने को दिखता है, इस नाटक में दो कहानी एक साथ गमन करती नजर आती है, पहली कहानी उन सभी क्रांतिकारियों की है, जिन्होंने मिलकर ल्फ्अ ( हिंदुस्तान हिंदुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन) को बनाया और दूसरी कहानी भगत सिंह का ल्फ्अ से जुड़ने को दर्शाता है ' नाटक में संगीत और गायन के माध्यम से क्रांतिकारी काल को भी दशार्या गया। नाटक क्रांतिकारियों के जज्बे और देश प्रेम की कहानी को बया करती है।

नाटक में राम प्रसाद बिस्मिल दीपक सैनी, भगत सिंह देव स्वामी, चंद्रशेखर आजाद शयोजित कुमार, शफाउल्लाह खान आकाश शर्मा, सचिंद्रनाथ प्रवीण, योगेश चंद्र दिव्यांश शिवानानी, रोशन सिंह विवेक झाकड़, आदमी अमित डागर, औरत गरिमा सिंह राजावत, भगत सिंह की मां श्वेता चोला गाई खत्री और भगत सिंह के पिता सावन जांगिड़ ने अपने अभिनय से नाटक को जीवन्त किया ।

नाटक में मंच व्यवस्था सावन कुमार जांगिड़,संगीत सुधांशु शुक्ला और अमित चौधरी, प्रकाश व्यवस्था सावन, तकनीकी सहयोग गिरिश कुमार यादव का रहा।

कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी प्रकाश, साउंड विनोद सागर गढ़वाल मंच संयोजन अंकित शर्मा नोनू एवं जीवित शर्मा का रहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929